आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० = 7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 129 ● नई दिल्ली, रविवार 13 अगस्त 2023 ● पृष्ठ : 10 ● मूल्यः- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737



3 कथा के नौवे दिन भगवान श्री राम के बनवास गमन प्रसंग पर ...

## खास ख़बर

### मप्रः भाजपा ने प्रियंका गांधी के खिलाफ कार्वाई की चेतावनी दी

**भोपाल।** भाजपा के नेताओं ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा के खिलाफ उनके उस सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कार्वाई करने की चेतावनी दी है जिसमें उन्होंने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया है। प्रियंका के आरोप को झूठा बताते हुए मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस नेता से आरोप का समर्थन करने वाले सबूत मांगे और चेतावनी दी कि राज्य सरकार और भाजपा के सामने कार्वाई के विकल्प खुले हैं। प्रदेश भाजपा प्रमुख वी डी शर्मा ने आरोप लगाने के लिए सोशल मीडिया पोस्ट में एक फर्जी पत्र का हवाला देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता के खिलाफ कानूनी कार्वाई की चेतावनी दी। हालांकि, राज्य कांग्रेस ने कहा कि वह साबित करेगी कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार भ्रष्ट है और उसने सत्तारूढ़ दल पर राजनीतिक आतंक पैदा करने का भी आरोप लगाया।

### पंचायत चुनाव हिंसा में टीएमसी नहीं भाजपा के गुंडे शामिल थे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मंत्री शशि पांजा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि जुलाई में हुए पंचायत चुनावों के दौरान हिंसा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गुंडे शामिल थे, न कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ता। प्रधानमंत्री ने भाजपा की पंचायती राज परिषद को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए पंचायत चुनाव के दौरान विपक्ष को डराने के लिए आतंक का माहौल बनाने और धमकियां देने को लेकर राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी की आलोचना की।

### दिल्ली सेवा विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में ग्रुप-ए अधिकारियों की तैनाती एवं तबादले के लिए एक प्राधिकरण के गठन और ऐसी नियुक्तियों पर केंद्र सरकार को प्रधानता देने संबंधी प्रावधानों वाले दिल्ली सेवा विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम 2023 को अपनी स्वीकृति दे दी है।

एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ ही यह विधेयक कानून में तब्दील हो गया, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अध्यादेश, 2023 का स्थान लेगा।

### 'हर घर तिरंगा' - डाकघरों को करीब 2.5 करोड़ राष्ट्रीय ध्वज भेजे गए,

**नई दिल्ली।** संस्कृति मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत डाकघरों में बिक्री के लिए लगभग 2.5 करोड़ राष्ट्रीय ध्वज भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी बढ़ने के साथ यह अभियान ''जन आंदोलन'' बन गया है। केंद्रीय संस्कृति सचिव गोविंद मोहन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस अभियान को लेकर अभी देश में काफी उत्साह है।

# दलित, ओबीसी और आदिवासियों को अब उनका उचित हक मिल रहा: प्रधानमंत्री मोदी




**एजेंसी/ भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दलितों,ओबीसी और आदिवासियों को इस सरकार के शासन काल में उनका उचित हक मिल रहा है जबकि पिछले शासकों ने इन वर्गों की अनदेखी की और उन्हें बस चुनाव के दौरान याद किया।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछली सरकारें गरीबों को पानी देने में विफल रही जबकि दलित बस्तियों, पिछड़े इलाकों, आदिवासी क्षेत्रों को उनकी सरकार में जलजीवन मिशन के तहत नल से जल मिल रहा है।



प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश में सागर जिले के धना में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उससे पहले उन्होंने भक्त कवि एवं समाज सुधारक संत रविदास को समर्पित 100 करोड़ रुपए के मंदिर-सह-स्मारक की आधारशिला रखी। मोदी ने राज्य के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार की मौजूदगी में बडतूमा गांव में भूमि पूजन किया और आधारशिला रखी। उन्होंने संत रविदास की मूर्ति के सामने हाथ जोड़कर माथा टेका। प्रधानमंत्री ने इस समारोह में स्मारक-सह-मंदिर के लघु मॉडल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मध्यप्रदेश के दौरे की शुरुआत खजुराहो हवाई अड्डे पर पहुंचने के साथ की जिसके बाद वह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हेलीकॉप्टर से बडतूमा गए।

अधिकारियों के मुताबिक समाज सुधारक संत रविदास को समर्पित यह मंदिर-सह-स्मारक 11 एकड़ भूमि में फैला होगा। यह संरचना संत रविदास की शिक्षाओं को प्रदर्शित करेगी और इसमें एक संग्रहालय, कला वीथिका और अन्य सुविधाओं के अलावा भक्तों के लिए आवासीय सुविधाएं भी होंगी।

भाजपा शासित इस राज्य में प्रधानमंत्री की एक महीने से अधिक समय के भीतर यह दूसरी यात्रा है। मध्य प्रदेश में साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। एक जुलाई को मोदी ने शहडोल जिले के पकरिया गांव में आदिवासी नेताओं, स्वयं सहायता समूहों की सदस्य महिलाओं और युवा फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ बातचीत की थी।


# सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को फटकार लगाई

## अतीक-अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने 15 अप्रैल को प्रयागराज में लोकसभा के पूर्व सदस्य अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में हुई हत्या पर उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई है और कहा है कि इसमें किसी की मिलीभगत है।न्यायालय ने राज्य सरकार से 2017 के बाद से हुई 183 पुलिस मुठभेड़ पर स्थिति रिपोर्ट भी मांगी है। राज्य पुलिस के अनुसार, मार्च 2017 में योगी आदित्यनाथ सरकार के सत्ता संभालने के बाद से कई पुलिस मुठभेड़ में 183 लोग मारे गए हैं। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार को छह सप्ताह के भीतर एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें इन मुठभेड़ का विवरण, जांच की स्थिति, दायर आरोप पत्र और मुकदमे की स्थिति का विवरण दिया जाए।

पीठ ने कहा, उसकी (अतीक की) सुरक्षा में पांच से दस लोग थे...कोई कैसे आकर गोली मार सकता है? ऐसा कैसे हो सकता है? किसी की मिलीभगत है। इसने गैंगस्टर से नेता बने अहमद की बहन आयशा नूरी की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस भी जारी किया। नूरी ने याचिका में अपने भाइयों की हत्या की व्यापक जांच के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है।उच्चतम न्यायालय



ने हालांकि याचिकाकर्ता विशाल तिवारी की उस अर्जी को खारिज कर दिया जिसमें पुलिस मुठभेड़ और इनमें पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच के लिए एक स्वतंत्र न्यायिक जांच आयोग गठित करने का अनुरोध किया गया था और कहा कि राज्य सरकार पहले ही इस तरह का एक आयोग बना चुकी है। शीर्ष अदालत पहले आयशा नूरी की याचिका समेत उन याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सहमत हुई थी, जिनमें अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में शीर्ष अदालत के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच आयोग के गठन का अनुरोध किया गया था। अतीक अहमद (60) तथा अशरफ की मीडियाकर्मी बनकर आए तीन लोगों ने नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह हत्या उस वक्त की गई थी जब दोनों को पुलिस की सुरक्षा में स्वास्थ्य जांच के लिए प्रयागराज के एक मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था।

## पंचायत चुनावों के दौरान हुई हिंसा

# नड्डा ने बंगाल में पंचायत चुनाव में हुई हिंसा की तुलना विभाजन काल की उथल-पुथल से की



**एजेंसी/ नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर निशाना साधते हुए पंचायत चुनावों के दौरान हुई हिंसा की तुलना विभाजन काल की उथल-पुथल से की। नड्डा ने यह भी दावा किया कि टीएमसी सुप्रीमो एवं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद को लोकतंत्र की हिमायती के रूप में पेश करती हैं, जबकि वह इसे कमजोर कर रही हैं। केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भ्रष्टाचार के मामलों में टीएमसी नेताओं की गिरफ्तारी पर ममता का मजाक उड़ाते हुए नड्डा ने कहा कि टीएमसी सरकार की अगली कैबिनेट बैठक जल्द ही जेल में होगी। नड्डा ने एक सभागार में पंचायत चुनावों में भाजपा के विजयी उम्मीदवारों और चुनावी हिंसा के कथित पीड़ितों को संबोधित करते हुए कहा कि टीएमसी शासन के तहत राज्य में जंगल राज चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, लोगों को बोलने की इजाजत नहीं है। बंगाल में कोई लोकतंत्र नहीं है। पूरी तरह से अराजकता चल रही है, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश में लोकतंत्र की बात करती हैं और ऐसा व्यवहार कर रही हैं, जैसे वह लोकतंत्र की हिमायती हों। भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी द्वारा राज्य में भेजी गई तीन तथ्यान्वेषी टीम का जिक्र करते हुए कहा, रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्री को सौंप दी गई है। पश्चिम बंगाल में हिंसा हो रही है, हजारों भाजपा कार्यकर्ता बेघर हो गए हैं और ममता दीदी सबूत मांग रही हैं। यह राज्य की स्थिति है। इस बात पर जोर देते हुए कि आने वाले दिनों में भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से टीएमसी को हरा देगी, उन्होंने कहा कि कथित आतंकी रणनीति के बावजूद भाजपा ने पंचायत चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

### एक ऐसा स्कूल जहां की शिक्षिका आती है स्कूल ड्रेस में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक सरकारी प्राथमिक स्कूल के बच्चों को ठीक तरह से स्कूल ड्रेस पहनने की सीख देने के लिए एक शिक्षिका ही स्कूल ड्रेस विद्यालय आने लगी। फलस्वरूप विद्यार्थी अपनी साफ सुथरी वर्दी को लेकर जागरूक तो हुए ही, साथ ही वे शिक्षिका के पढ़ाए हुए पाठ को भी तेजी से सीखने लगे हैं। शासकीय गोकुलराम वर्मा प्राथमिक शाला में यदि आप शनिवार को पहुंचे तब आपकी मुलाकात विद्यार्थियों के बीच गाढ़ी नीली फ्रॉक और आसमानी शर्ट पहनी तथा दो चोटी लगाई 30 वर्षीय शिक्षिका जान्हवी यदु से होगी।

# देशद्रोह कानून रद्द करने के बारे में केंद्र को शेखी नहीं बघारनी चाहिए: राउत

**एजेंसी/ मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को राजद्रोह कानून को रद्द करने के बारे में शेखी नहीं बघारनी चाहिए क्योंकि वह वर्तमान में अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ ऐसे कानूनों का उपयोग कर रहा है, जो अंग्रेजों द्वारा लाए गए कानूनों से भी ज्यादा भयावह हैं। संवाददाताओं से बातचीत में राउत ने पूछा कि क्या कानून को आरएसएस के कार्यकर्ताओं और डीआरडीओ के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर की मदद करने के लिए रद्द किया जा रहा है।



कुरुलकर पर जासूसी करने का मामला दर्ज किया गया है। महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने पुणे में डीआरडीओ की एक प्रयोगशाला के निदेशक रहे कुरुलकर के खिलाफ पिछले महीने एक अदालत में आरोप पत्र दायर किया था। उन्हें एक पाकिस्तानी एजेंट को गोपनीय जानकारी प्रदान करने के आरोप में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत तीन मई को गिरफ्तार किया गया था और अब वह न्यायिक हिरासत में हैं। राउत ने उच्चतम न्यायालय द्वारा धन शोधन मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और पूर्व मंत्री नवाब मलिक को जमानत देने का भी स्वागत किया। राउत ने आरोप लगाते हुए कहा, देशद्रोह का कानून खत्म करने के बारे में शेखी मत बघारिए। आप (भाजपा) ऐसे कानून लाए हैं जो अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानूनों से भी ज्यादा डरावने हैं

### झारखंड की डुमरी सीट उपचुनाव में संयुक्त रूप से प्रचार करेगा विपक्षी गठबंधन इंडिया

**रांची।** विपक्षी गठबंधन इंडिया की झारखंड इकाई डुमरी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में अपनी उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के मकसद से संयुक्त रूप से प्रचार करेगा। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

गठबंधन ने उपचुनाव के लिए बेबी देवी को उम्मीदवार बनाया है, जो 17 अगस्त को पर्चा दाखिल करेंगी। बेबी झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी और सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नेता हैं। उपचुनाव पांच सितंबर को होगा, जबकि मतगणना आठ सितंबर को होगी।

# क्या राहुल को लगता है कि फौज मणिपुर में भारतीयों पर गोली चलाएगी: प्रसाद

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

भाजपा ने शनिवार को राहुल गांधी से पूछा कि क्या उन्हें लगता है कि सशस्त्र बल हिंसा प्रभावित मणिपुर में भारतीयों पर गोलीबारी करेंगे? इसने दावा किया कि कांग्रेस नेता के मन में लेशमात्र भी लोकतंत्र नहीं है।यह उल्लेख करते हुए कि गांधी ने दावा किया कि यदि अनुमति दी जाए तो सशस्त्र बल कुछ ही दिनों में राज्य में शांति बहाल कर सकते हैं, भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पूछा कि क्या वह वही चाहते हैं जो उनकी दादी और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1960 के दशक में आइजोल में वायुसेना को बमबारी करने का आदेश देकर किया था। कांग्रेस ने कहा है कि वायुसेना का इस्तेमाल तब सशस्त्र उग्रवादी समूहों को निशाना बनाने के लिए किया गया था। प्रसाद ने पूछा, "क्या राहुल गांधी को लगता है कि सशस्त्र बल मणिपुर में भारतीयों पर गोली चलाएंगे? या उन्हें सद्भाव फैलाना चाहिए और भारतीयों को एकजुट करने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने रेखांकित किया कि मणिपुर में दो समूहों के बीच काफी तनाव है। प्रसाद ने गांधी पर संसद में भड़काऊभाषण देने का आरोप लगाया। हालाँकि लोकसभा में उनके कुछ विवादास्पद संदर्भ हटा दिए गए।

# संसद सदस्यता बहाल होने के बाद पहली बार वायनाड पहुंचे राहुल गांधी का जोरदार स्वागत



**एजेंसी/ वायनाड(केरल)**

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी लोकसभा सदस्यता बहाल होने के बाद शनिवार को पहली बार केरल में अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड पहुंचे, जहां पार्टी के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। यहां स्वागत स्थल पर एकत्र हुए सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शाम साढ़े पांच बजे गांधी के पहुंचते ही उनके समर्थन में नारे लगाए। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन यूडीएफ के नेताओं ने उनका स्वागत किया। पिछले सप्ताह मानहानि के एक मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा राहुल की दोषसिद्धि पर रोक लगाने के बाद लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी करके वायनाड से उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल कर दी थी।

**बैठक** गहलोत ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी, आपका जो रवैया है

# भाजपा में मोदी का आदर खत्म हो रहा, वह इसकी चिंता करें: गहलोत

**एजेंसी/ जयपुर**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि भाजपा में उनका आदर खत्म हो रहा है जिसकी उन्हें चिंता करनी चाहिए।गहलोत ने कहा कि मोदी के रवैए के कारण पार्टी उनके खिलाफ हो रही है और धीरे-धीरे विद्रोह हो सकता है।दरअसल



गहलोत ने कांग्रेस में वंशवाद व कांग्रेस मुक्त भारत जैसी बातों को लेकर मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, देश कांग्रेस मुक्त कभी नहीं होने वाला। देश के हर घर में कांग्रेस है। उनकी (मोदी की) पार्टी की हालत खराब हो रही है...उनकी पार्टी में फूट है। इनकी पार्टी में मोदी जी का आदर खत्म हो रहा है। यह मोदी जी के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। जनता में पहले मोदी के प्रति जो आदर था वह तो कम हुआ ही है, इसके साथ अपनी पार्टी में भी मोदी जी का आदर कम हो रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता गहलोत ने कहा, भाजपा वालों से पूछ लीजिए कि बैठकों में क्या होता है? पहले क्या होता था और अब क्या होता है? क्या इनके संसदीय दल की बैठक पहले जैसा माहौल होता है? मालूम कर लीजिए आप। मैं मोदी जी से कहना चाहूंगा कि आप इसको समझें। गहलोत ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी, आपका जो रवैया है उससे आपकी पार्टी आपके खिलाफ हो रही है। आपके खिलाफ में धीरे धीरे विद्रोह हो सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा , सुनते में आ रहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ( आरएसएस) और उनके बीच बनती नहीं है। लेकिन हमें इन बातों से क्या मतलब है?


# नगा महिलाओं ने मणिपुर में निर्वस्त्र की गई पीड़िताओं के लिए न्याय की मांग की

**एजेंसी/ कोहिमा**

नगालैंड में महिला आदिवासी संगठनों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया और मणिपुर में जारी जातीय संघर्ष के दौरान महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने व दुष्कर्म के आरोपियों के लिए कठोर सजा की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने मणिपुर में लोगों की हत्याएं,घरों और धार्मिक स्थलों को जलाने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र से तत्काल हस्तक्षेप करने एवं राज्य में शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने की मांग की। प्रदर्शनकारी महिलाएं बैनर और तख्तियां लिए हुई थीं जिनमें से कुछ पर लिखा था, हम महिलाओं को (निर्वस्त्र)घुमाने और सामूहिक दुष्कर्म की निंदा करते हैं , महिलाओं के अधिकारों के लिए खड़े हों , हिंसा रोकें और मरहम लगाएं , हम मणिपुर में शांति चाहते हैं , दुष्कर्म दंडात्मक अपराध है

## ख़ास ख़बर

### कॉमर्स कॉलेज में पार्ट थर्ड का प्रायोगिक परीक्षा शुरू,16 अगस्त को होगी प्रैक्टिकल एग्जाम



**मधेपुरा।** भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई भूपेन्द्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़, मधेपुरा में स्नातक तृतीय खण्ड (डीपी-III)-2023, प्रायोगिक परीक्षा,12 अगस्त से शुरु हो गई।प्रधानाचार्य सह केन्द्राधीक्षक भू0 ना0 मं0 वा0 महाविद्यालय साहुगढ़-मधेपुरा डा.अरविंद कुमार ने बताया कि निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार महाविद्यालय में प्रैक्टिकल एग्जाम आयोजित की जा रही है।परीक्षा का कार्यक्रम- प्रिंसिपल डा.अरविंद बाबू ने बताया कि 10:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा 12-08-2023,13-08-2023, 14-08-2023 एवम अन्तिम एग्जाम 16-08-2023 को होगी।परीक्षार्थी अपना विषय कॉलेज के सूचना पट पर देख सकते हैं कि किस विषय की परीक्षा किस तिथि को है।

### डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता मो इम्तियाज आलम ने ग्रामीणों को दी कानूनी जानकारी



**अररिया।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पटना के निर्देश के आलोक में रविवार को जिले के जोकीहाट प्रखंड अंतर्गत डुब्बा ग्राम पंचायत के पुस्तकालय भवन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।यह आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान मे पैनल अधिवक्ता मो इम्तियाज आलम की अध्यक्षता में किया गया।विधिक शिविर की अध्यक्षता व संचालन करते हुए पैनल अधिवक्ता मो इम्तियाज आलम ने उपस्थित ग्रामीणों को अवेरनेस प्रोग्राम के तहत कॉमर्शियल डिस्प्यूट एंड कॉमर्सियल कोर्ट ( प्री-इंस्टीट्यूशन मेडिएशन एंड सेटेलमेंट आदि टॉपिक पर खुलकर कानूनी जानकारी दिये। इस मौके पर मुखिया मोइनुद्दीन, अब्दुर्रहीम, इजरायल, राहिल, ग़ालिब, नोशद, अकलिम, सलीम, सत्तार, नोशाद आलम, शाद अहमद, मो दानिश, मो शाहनवाज, मंजर आलम, मो मेराज आलम सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित दिखे।

### स्वदेश यादव बने बिहार भाजपा के प्रदेश मंत्री



**मधेपुरा।**लंबे समय तक बिहार में छात्र राजनीति को नेतृत्व करने वाले, भाजपा मधेपुरा के लगातार दो बार जिलाध्यक्ष रहे तेजतर्रार युवा नेता स्वदेश यादव को केंद्र और प्रदेश नेतृत्व ने प्रदेश मंत्री का दायित्व देकर युवा चेहरे पर भरोसा जताया है । आनेवाले लोकसभा और 2025 के विधान सभा चुनाव में स्वदेश यादव के स्वच्छ और संघर्षशील छवि का लाभ मधेपुरा एवं कोशी इलाके में पार्टी को मिलेगा। श्री यादव ने प्रदेश मंत्री का दायित्व देने के लिए प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानियां, गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय समेत सभी प्रदेश और केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## राजद सुप्रीमों लालू यादव व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की विचारधारा से प्रेरित होकर वरीय समाजसेवी मंजर खान ने ग्रहण की राजद की सदस्यता, अररिया लोकसभा सीट से हो सकते हैं महागठबंधन के प्रत्याशी

धरातल पर पार्टी के संगठन को मजबूत करना उनकी रहेगी पहली प्राथमिकता



**पटना/अररिया/नरपतगंज** ।नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के पोसदाहा पंचायत अंतर्गत पुलहा गांव के निवासी वरीय समाजसेवी जनाब मंजर खान राजद सुप्रीमों लालू यादव व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की विचारधारा से प्रेरित होकर अपने दर्जनों समर्थकों के साथ बुधवार को बिहार राजद प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के समक्ष राजद की सदस्यता ग्रहण की। बताते चलें कि विगत कई वर्षों से मंजर खान भाजपा पार्टी में शामिल थे। राजद की सदस्यता ग्रहण करने के बाद श्री खान ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू यादव व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की विचारधारा से प्रेरित होकर राजद की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि धरातल पर पार्टी के संगठन को मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उनके राजद पार्टी में आने से स्थानीय राजद नेता एवं समर्थकों में भी खुशी का माहौल है। लालटेन थामने के बाद जनता से अपील करते हुए जनाब मंजर खान ने कहा कि आज देश जिनके हाथ में है वे नव सामंतवादी ,रूढ़िवादी एवं यथास्तिथितिवादी ताकतें हैं।वे आपके नागरिक अधिकारों, भारतीय राजनीति के समाजवादी मूल्यों एवं समाज के धर्मनिरपेक्ष एवं कल्याणकारी स्वरूप पर लगातार हमला कर फ़ासीवाद की नींव डाल रहें हैं ।आपकी एकजुट ताकत ही उनसे देश को बचा सकती है अतः आगामी चुनौतियों का मुकाबला करने और संघर्ष को ताकत देने हेतु राष्ट्रीय जनता दल के सदस्य बनें ।महागठबंधन सरकार के एक साल पूरा होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि एक साल में बिहार ने विकास के मामले में जो कीर्तिमान स्थापित किया है वह अपने आप में एक मिशाल है।

केन्द्र के असहयोगात्मक रवैए के बावजूद अपने संसाधनों से महागठबंधन सरकार अपने "सात निश्चय कार्यक्रम" के तहत जमीनी स्तर पर विकास की रफ्तार को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। बिहार की

**दर्जनों समर्थकों के साथ मंजर खान ने थामा राजद का दामन, राजद परिवार ने किया स्वागत दिया बधाई**

महागठबंधन सरकार ने देश को आपसी भाईचारा और साम्प्रदायिक सद्भाव का संदेश देने का काम किया है।

एनसीआरबी का रिपोर्ट साक्षी है कि अन्य राज्यों की तुलना में बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति काफी बेहतर है। और पिछले वर्षों की तुलना में काफी कमी आयी है।नीति आयोग के रिपोर्ट में भी विकास के पैमाने पर बिहार की स्थिति अन्य राज्यों की तुलना में काफी बेहतर है। महागठबंधन सरकार द्वारा राज्य में अपने संसाधन से जातीय जनगणना कराना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर बिहार प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, राजद महिला प्रदेश प्रकोष्ठ अध्यक्ष रितु जायसवाल, व्यवसायिक प्रकोष्ठ राजद प्रदेश महासचिव ई.आयुष अग्रवाल आदि मौजूद थे।इधर पटना से लौटने पर राजद परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने बताया की साम दाम दंड भेद की कला में निपुण मंजर भाई नि~ स्वार्थ भाव से समाजसेवा करते हैं।महागठबंधन से लोकसभा का टिकट मिले तो भाजपा का पराजय यहां सुनिश्चित है।

## कुलपति प्रोफेसर डा.आर के पी रमण ने किया 5वां दीक्षांत समारोह के लोगो/प्रतीक का विमोचन, अभिषद की इस बैठक में डॉ. महावीर प्रसाद यादव दीक्षांत मंडप के नाम को सर्व सम्मति से किया गया अनुमोदित






**मधेपुरा।**भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अभिषद की बैठक आगामी 5वाँ दीक्षांत समारोह को लेकर महामहिम कुलाधिपति की आज्ञा से माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में अयोजित की गई। इस बैठक में माननीय प्रति कुलपति महोदया प्रोफेसर आभा सिंह, डॉक्टर बी एन विवेका कुलानुशासक, प्रोफेसर राज कुमार सिंह अध्यक्ष छात्र कल्याण, प्रोफेसर अशोक कुमार अध्यक्ष रसायन शास्त्र विभाग, प्रोफेसर राजीव सिन्हा प्रधानाचार्य आर जे एम कॉलेज सहरसा, डॉक्टर सुमन कुमार झा, प्रोफेसर इचार्ज एच एस कॉलेज उदाकिशनगंज, डॉक्टर जवाहर पासवान प्रोफेसर इंचार्ज के पी कॉलेज मुरलीगंज, श्री गुंजेश्वर शाह माननीय सदस्य बिहार विधान सभा, श्री गौतम कुमार सहरसा, डॉक्टर परमेश्वर चौधरी आरा, डॉक्टर रामनरेश सिंह सेवानिवृत मैथिली विभाग सहरसा एवम कुलसचिव बी एन मंडल विश्वविद्यालय प्रो.डा.मिहिर कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से 5वां दीक्षांत समारोह 18 अगस्त 2023 को संपन्न कराने को मंजूरी दी गई। दीक्षा स्थल पर बन रहे भव्य पांडाल जो की पूर्व कुलपति डॉक्टर महावीर प्रसाद यादव की स्मृति में उनके पुत्र प्रोफेसर अरुण कुमार, सेवा निवृत विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान बीएनएमयू द्वारा स्थापित कराया जा रहा है उसकी भी मंजूरी देते हुए डॉक्टर महावीर प्रसाद यादव दीक्षांत मंडप के नाम को सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया। माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर डा.आर के पी रमण द्वारा 5वां दीक्षांत समारोह का लोगो/प्रतीक का विमोचन किया गया

## महानंद मंडल "विभु" जिला अध्यक्ष राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक आज




**अररिया।**राष्ट्रीय जनता दल अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, जिला- अररिया के द्वारा आयोजित सभी राजद जिला कमेटी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकारणी समिति के सदस्य एवं सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं सभी नगर अध्यक्ष एवं सभी प्रखंड प्रधान महासचिव, सभी नगर प्रधान महासचिव राष्ट्रीय जनता दल अति पिछड़ा प्रकोष्ठ अररिया की उपस्थिति में 13.8.2023 रविवार समय 1 बजे दिन में जिला राजद कार्यालय ओमनगर अररिया में कार्यकारणी समिति का बैठक रखा।इस बैठक में आप सभी को मनोनय प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।एक दिवसीय इस बैठक की तैयारियां पूरी कर ली गई है।जिलाध्यक्ष श्री विभु ने बताया कि उद्घाटनकर्ता अनिल कुमार यादव, पूर्व विधायक - नरपतगंज, मुख्य अतिथि सरफराज आलम, पूर्व सांसद अररिया एवम विशिष्ट अतिथि शहनवाज आलम, मंत्री बिहार सरकार होंगे।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर डेढुआ मुखिया संतोष झा वार्ड सदस्यों के साथ बैठक करेंगे आज




**सिकटी।**युवा समाजसेवी के नाम से चर्चित डेढुआ पंचायत के मुखिया संतोष झा स्वतंत्रता दिवस की भव्य तैयारी एवम झंडोत्तोलन को लेकर अपने सभी वार्ड सदस्यों के साथ एक बैठक 13-8-23 को पंचायत भवन में रखें हैं। मुखिया श्री झा ने कहा कि बैठक की सूचना विधिवत सबको दे दी गई है। तैयारियां पूरी हो चुकी है। बैठक की कार्यवाही 10 बजे सुबह निर्धारित की गई है।

### स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जयनगर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के द्वारा आयोजित होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** जयनगर में चैम्बर ऑफ कॉमर्स के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को कमला रोड स्थित कार्यालय सभागार में प्रेस वार्ता करते हुए चैम्बर ऑफ कॉमर्स के महासचिव अनिल बैरोलिया ने कहा की चैम्बर ऑफ कॉमर्स के द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सारी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है।आयोजित कार्यक्रम में जयनगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के द्वारा आजादी के उपलक्ष्य में देशभक्ति कार्यक्रम जैसे गीत,नृत्य,नाटक,भाषण सहित अन्य प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।इसलिए इस कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित है।यह कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस के दिन संध्या पांच बजे से मारवाड़ी विवाह भवन में शुरू किया जाएगा।इस मौके पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव पवन यादव,राकेश गुप्ता,गुड्डा मंडल,रंजीत पासवान,उमेश जायसवाल, ध्रुव गुप्ता,कमल अग्रवाल,मोहम्मद मंजर हसन,मोहम्मद साउद सहित अन्य मौजूद थे।

### जयनगर नगर पंचायत वार्ड नंबर दस में पीसीसी सड़क का उद्घाटन विधायक, मुख्य पार्षद एवं उपमुख्य पार्षद ने फीता काटकर किया



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/**जयनगर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 में पीसीसी सड़क का उद्धघाटन खजौली विधानसभा के विधायक अरुण शंकर प्रसाद,मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, उपमुख्य पार्षद माला देवी,वार्ड नंबर दस के वार्ड पार्षद जरीना खातून, भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविंद तिवारी,हरिचन्द्र शर्मा,उद्धव कुँवर,सूरज गुप्ता,हनुमान मोर,रंजीत गुप्ता,बबलु राउत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।पीसीसी सड़क का निर्माण जवाहर साफी के घर से गायत्री मंदिर तक करवाया गया।इस मौके पर नगर पंचायत के अध्यक्ष कैलाश पासवान ने की यहां पीसीसी सड़क की मांग की जा रहे थे सड़क निर्माण हो जाने से क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत हो रही है। बताया कि नगर पंचायत द्वारा आधारभूत संरचनाओं को बल देने का जो अद्धुत प्रयास किया है सराहनीय है।विधायक अरुण शंकर प्रसाद ने कहा सबका साथ सबका विकास के साथ नगर पंचायत जयनगर का कायाकल्प हो रहा है।

### जागरुकता रैली आज




**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के राष्ट्रीय कैडेट कोर की ओर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत रविवार को एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। इसमें बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत संचालित सेहत केंद्र से का भी सहयोग रहेगा। रविवार को अ. 12:05 बजे प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह जानकारी एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट गुड्डू कुमार ने दी।

**मामला** जहां पहले उन्होंने इस बात की जानकारी रजिस्ट्री ऑफिस के एक मुंशी को दिया

## निबंधन कार्यालय प्रांगण में दिखा तिरंगा का अपमान





**अररिया** ।एक और जहां देश आगामी 15 अगस्त को आन बान शान से तिरंगा को फहराने की तैयारी में जुटी है वहीं अररिया जिला मुख्यालय अवस्थित निबंधन कार्यालय प्रांगण में तिरंगा को अपमानित करने का मामला प्रकाश में आया है । निबंधन कार्यालय प्रांगण अवस्थित झंडोतोलन चबूतरे पर गड़े लोहे की पाइप जिसपर झंडोतोलन किया जाता है के नीचे पाइप में लिपटा हुआ झंडा पाया गया, देखने से पता चल रहा था कि झंडा कई महीनों से वहां उसी अवस्था में था झंडा का रंग फिका हो गया था एवं उसके ऊपर धूल भी जमा था । ऐसा लग रहा था कि झंडा बहुत दिनों से वहां गिरा था । वहीं जब झंडा गिरा होने का वीडियो फ़ोटो वाट्सअप पर वायरल होने लगा और वायरल फ़ोटो वीडियो अररिया के जाने माने समाज सेवी संजय कुमार मिश्रा तक पहुंचा तो सब काम छोड़ झंडा को उठाने वे रजिस्ट्री कार्यालय प्रांगण पहुंचे ,जहां पहले उन्होंने इस बात की जानकारी रजिस्ट्री ऑफिस के एक मुंशी को दिया फिर उसे साथ लेकर झंडोतोलन चबूतरे पर पहुंचा और गिरे हुए तिरंगे को प्रणाम कर आदर पूर्व उठाया झंडा पर जमे धूल मिट्टी को साफ किया ,फिर झंडा को लेकर निबंधन कार्यालय के पदाधिकारी के पास पहुंचे ,जहां सारी बातों को बता कर उन्होंने पदाधिकारी को झंडा सौपा ।पदाधिकारी तो झंडा ले लिए लेकिन उन्होंने झंडा को अपने प्रांगण का होने से इनकार किया । उन्होंने कहा कि ऐसा कोई जानबूझ कर किया होगा ,उन्होंने कहा कि वे खुद झंडा का सम्मान करते हैं लेकिन ये झंडा उनके प्रांगण का नहीं है।उनके कार्यालय का झंडा साफ कर आयरन करने भेजा गया है उन्होंने झंडोतोलन के लिए नया टोपी भी खरीदा है , वहीं पत्रकारों के सवाल कि आपके प्रांगण में झंडा गिरा पाया गया कौन दोषी है पर निबंधन पदाधिकारी भड़क गए और आग बबूला हो गए । अब सवाल उठता है कि आखिर देश के आन बान शान हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सरे आम गिरा पड़ा रहा जबकि उसी के बगल होकर पदाधिकारी प्रतिदिन अपने कार्यालय जाते है आखिर उनकी नजर कैसे नहीं पड़ी। आखिर सैकड़ों की संख्या में काम कर रहे कातिव, मुंशी एवम कर्मचारियों की नजर क्यों नहीं पड़ी,आखिर हजारों की संख्या में निबंधन कार्यालय पहुंचने वाले लोगों की नजर क्यों नहीं पड़ी। आखिर निबंधन कार्यालय के आदेशपाल कहां थे? यदि कोई दूसरे व्यक्ति के द्वारा निबंधन कार्यालय को बदनाम करने के लिए किया है तो कार्यालय के सीसीटीवी का जांच कर उक्त दोषी पर कार्रवाई होनी चाहिए ।अररिया जिला पदाधिकारी महोदया को चाहिए कि उक्त मामले में खुद संज्ञान ले और जो भी दोषी है उसके खिलाफ कार्रवाई करें ।

## एम.एम.एच. कॉलेज- इंस्टिट्यूशनल इन्नोवेशन सेल की मीटिंग में हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय




**गाजियाबाद** ।एम. एम. एच. कॉलेज, गाजियाबाद में इंस्टिट्यूशनल इन्नोवेशन सेल की शैक्षिक सत्र 2023-24 की पहली बैठक प्राचार्य प्रो. पीयूष चौहान जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कन्वेनर उपस्थिति रहे। नए सत्र में महाविद्यालय अपने विभिन्न विभागों में एक टीम के रूप में छात्र / छात्राओं को जोड़कर नवाचार की दिशा में कैसे बढ़ सकता है। नए विचार और आइडियाज कैसे शिक्षण संस्थानों में विकसित हो।

इन सभी बिंदुओं पर विस्तार से विचार विमर्श कर भविष्य की रूपरेखा तैयार की गई। अन्य शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और मीडिया एवं कॉर्पोरेट घरानो के साथ एम ओ यू हस्ताक्षर कर एम. एम. एच. इंस्टिट्यूशनल इन्नोवेशन सेल नए अनुसन्धान और पेटेंट करने की दिशा में काम करेंगी।

प्राचार्य प्रो पीयूष चौहान जी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा की यह सरकार का बहुत महत्वपूर्ण और महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट है इस दिशा में सभी गंभीर शिक्षकों को मिलकर महाविद्यालय में नवोनमेष का वातावरण बनाने का काम करना है। इसके लिए जो भी जरूरी संसाधन आवश्यक होंगे महाविद्यालय उस दिशा में सकारात्मक सहयोग के लिए तत्पर है। बैठक में समिति के सभी कांविनर प्रो. ए. के. भार्गव, प्रो अपर्णा मल्होत्रा, प्रो आभा दुबे, प्रो पूनम गुप्ता, प्रो अनिल गोविंदन, प्रो दीप्ती, प्रो शालू त्यागी, डॉ विनीता धीरान, डॉ गार्गी, डॉ अंजली दत्त, डॉ रविन्द्र कुमार, डॉ. राकेश कुमार, हर्षिता, निशा, हरीदत्त, आदि सभी उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

## प्रमंडल स्तरीय युवा कार्यकर्त्ताओं का सम्मेलन



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल** जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत आगामी लोक सभा एवं विधान सभा चुनाव को लेकर प्रमंडल स्तरीय बैठक मधेपुरा के सुमंगलम विवाह भवन में आज 11 बजे होगा। इस सम्बंध में जाप युवा प्रदेश सचिव सह सुपौल युवा संगठन प्रभारी मुकेश यादव ने कहा कि राष्टीय अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, प्रदेश अध्यक्ष राजू दानवीर विशिष्ठ अतिथि रहेंगे। जिसमें तीनों जिले के पंचायत, प्रखंड एवं जिला कमिटी के सभी कार्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहेंगे। बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के मजबूती एवं आगामी लोक सभा एवं विधान सभा के चुनाव के रणनीति को लेकर अहम माना जा रहा है।

## आशा और आशा फैसिलिटेटरों के 10 हजार रुपया मानदेय देना होगा- महासंघ गोप गुट




**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल** जिले के मुख्यालय स्थित पूरे बिहार में आशा और आशा फैसिलिटेटरों के 9 सूत्री मांगों के पूर्ति के लिए चल रहे अनिश्चित कालीन हड़ताल के समर्थन में महासंघ गोप गुट और ऐक्टू के संयुक्त नेतृत्व में बिहार के सभी जिला मुख्यालयों पर एकजुटता प्रदर्शन के राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत सुपौल में भी महासंघ गोप गुट और ऐक्टू के नेतृत्व में एकजुटता प्रदर्शन सुपौल प्रखंड अस्पताल से निकलकर सुपौल जिला पदाधिकारी के गेट पर पहुंचकर9 सूत्री माँगों का ज्ञापन सौंपा। एकजुटता प्रदर्शन का नेतृत्व महासंघ गोपगुट के राज्य सलाहकार कॉमरेड माधव प्रसाद सिंह,जिला सचिव बिनोद कुमार,किशोर कुमार पाठक,रविभूषण,मो कलाम,कर्ण कुमार राउत ऐक्टू के जिला सचिव कॉमरेड अरविंद कुमार शर्मा,राजेश कुमार शर्मा,गणेश्वर मंडल,रामप्रसाद यादव,आशा कार्यकर्ता संघ की जिला संयोजिका कॉमरेड उषा सिन्हा, उपाध्यक्षा सुजाता कुमारी,सुनीता कुमारी,लक्ष्मी कुमारी,विनीता कुमारी,बिजली देवी,अनोखा कुमारी,आदि सैकड़ो आशा नेत्री ने किया।

## जद यू कार्यालय में अध्यक्ष राजेंद्र यादव द्वारा पार्टी के नेता कलानन्द झा को जिला महासचिव के पद पर किया मनोनीत,पार्टी में हर्ष




**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल** जिले के जनता दल यू जिला कार्यालय सुपौल के कर्पूरी सभागार में जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद यादव जी के द्वारा पार्टी के नेता कलानंद झा को जनता दल यू का जिला महासचिव मनोनित किया गया। इस अवसर पर जद यू महासचिव जगदीश प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष हरेकांत झा, खुर्सीद आलम, आलोक यादव, प्रमोद कुमार मंडल ,ध्रुव सिंह, गगन ठाकुर, अजय कुमार अजनबी ,रामकिशोर राय ,मनोहर ठाकुर उपस्थित थे। महासचिव ओम प्रकाश यादव ने बताया कि कलानंद झा जी पूर्व में समाज सुधार सेनानी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रह रहे हैं। पार्टी संगठन में काम करने का लंबा अनुभव हैं।इनको पार्टी में पदाधिकारी बनाए जाने से पार्टी और मजबूत होगा।

# सिमराही महादलित बस्ती में लोगों के घरों में पानी घुसने के बाद लोगों ने कड़ा आक्रोश जाहिर किया



**संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर ,राघोपुर ,सुपौल** जिले के राघोपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत सिमराही के वार्ड नंबर 3 में महादलित बस्ती में लोगों के घरों में पानी घुसने के बाद लोगों ने कड़ा आक्रोश जाहिर किया। आक्रोशित लोगों ने इसका विरोध करते हुए नगर पंचायत सहित प्रखंड के अधिकारियों पर अपना गुस्सा फोड़ते हुए कहा कि नाला की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण इस बस्ती में हल्की बारिश के बाद भी जल जमाव होने लगता है। लोगों ने कहा कि पूर्व में ग्राम पंचायत रहते यहां एक नाला भी बनाया गया था। लेकिन आज के तारीख में वह नाला किसी काम का नहीं है। आक्रोशित लोगों का कहना था कि उनलोगो पर न तो सरकार ध्यान दे रही है।और न ही सरकार के अधिकारी ध्यान दे रही है। जलजमाव की समस्या को लेकर शनिवार के सुबह वहां के लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करते दिखे। जानकारी देते स्थानीय खट्टर सादा, जय लाल सादा, शंकर सादा, पंडित सादा, रामवती देवी, त्रिफोल देवी, अनार देवी, फुलो देवी, कैलु सादा, सोनी देवी, मनोज सादा, नीकी देवी, ललित सादा, रिजुवा देवी, अनिता देवी, शोभा देवी, मंटु सादा, सोनू मुखिया, छोटकन सादा, सुकराती सादा, सुलेखा देवी, उमदा देवी आदि ने बताया कि हमारे यहां जल जमाव की भीषण समस्या है। थोड़ी सी भी बारिश होने के बाद बारिश का पानी लोगों के घर आंगन में घुस जाता है। बताया कि यहां पानी निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं किया गया है।, जिसके कारण हमलोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने कहा कि अगर अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देंगे तो हमलोग आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। वहीं सिमराही नगर पंचायत के एफसीआई रोड, धोबी टोला, गोलबाजार हाट, अस्पताल रोड सहित कई स्थानों पर जल जमाव की समस्या बनी रहती है। लेकिन किसी अधिकारी द्वारा इस समस्या को दूर करने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण लोगों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।



## किराना दुकान में अज्ञात अपराधियों ने की तोरफोर,ग्रामीणों में दहशत



**अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,पिपरा, सुपौल** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पथरा उत्तर पंचायत स्थित कैलाशपुरी मंदिर प्रांगण में स्थित जेनरल स्टोर की दुकानदार शत्रुघ्न चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की रात 11 बजे चार पांच के संख्या में अज्ञात अपराधियों ने दुकान पर आया और पानी ग्लास और भुजिया मांगने लगा दुकानदार डर के मारे दुकान नहीं खोले तो बदमाशों ने इट पत्थर से दुकान को तोरने लगे। इसकी जानकारी सुबह ग्रामीणों को दी मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि दुकानदार की दुकान में तोरफोर की वहीं बगल के खाली पड़े दुकान में सोफिया शराब की खाली बोतल और पानी ग्लास था। आपको बता दें कि बीते गुरुवार की रात को चोरों ने कैलाशपुरी के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से दान-पेटी उठा ले गए थे। यहां लगातार चोरी की घटनाएं होती रहती है इसकी जानकारी पुलिस को दी जाती है मगर पुलिस गश्ति गाड़ी यहां तक नहीं पहुंच पाने से चोर लूटेरे बदमाशों का मनोबल सातवें आसमान पर है।

## जदयू कार्यकर्ता नें थानाध्यक्ष के विरुद्ध डीआईजी को सौपा ज्ञापन



**दैनिक शुभ भास्कर सुभाष चंद्र झा सहरसा** न्यायालय में मुकदमा के बावजूद थानेदार की मिली भगत से भूमाफिया द्वारा करायें जा रहे अवैध निर्माण को पर रोक लगाए जाने की मांग की गई है। सदर थाना क्षेत्र के पुरानी जेल मोहल्ला निवासी जदयू कार्यकर्ता कुश मोदी ने पुलिस उपमहानिरीक्षक को आवेदन देकर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।आवेदक ने कहा कि पुरानी जेल के समीप मेरी पत्नी ममता देवी एवं भाभी सीता देवी के नाम पर तीन धूर जमीन खरीदगी की गई है।जिसका अद्यतन मालगुजारी भुगतान वर्षो से किया जा रहा है। वही खरीदी हुई जमीन पर वॉड्रीबॉल भी किया हुआ था। उन्होंने बताया कि उक्त जमीन को भू माफिया अपराधी तथा थानेदार की मदद से हड़पना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में हुए विवाद एवं मारपीट के कारण उक्त जमीन पर टाइटल सूट मुकदमा भी चल रहा है। वहीं जमीन पर इंजेक्शन टाइटल सूट भी लगाया गया है। इसके बावजूद विपक्षी द्वारा उक्त लोगों के सांठगांठ से दीवार को तोड़कर अवैध निर्माण कराया जा रहा है। श्री मोदी ने बताया कि इस संबंध में थाना में दिए गए आवेदन पर भी कोई कार्रवाई होता नहीं देख उन्होंने पुलिस उपमहानिरीक्षक से उचित कार्रवाई किए जाने की मांग कर न्याय की गुहार लगाई है।

## एनएसएस कालेज में रैगिंग मुक्त सप्ताह को लेकर चार सदस्यीय कमिटी गठित



**दैनिक शुभ भास्कर / सुभाष चंद्र झा सहरसा** सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत रैगिंग मुक्त परिसर सप्ताह मनाने का निर्णय प्रधानाचार्य द्वारा लिया गया है।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो डॉ अशोक कुमार सिंह ने की। महाविद्यालय के द्वारा चार अध्यापकों को रैगिंग मुक्त परिसर रखने के लिए एक कमेटी बनाई गई है। जिसमें मुख्य रूप से डॉ परीक्षित कुमार सिंह एलएसडब्ल्यू,डॉ दिलीप कुमार सिंह अंग्रेजी विभाग,डॉ कुमारी सीमा हिंदी विभाग,डॉ इंदु कुमारी वनस्पति विज्ञान को बनाया गया है।डॉ श्री सिंह ने छात्र एवं छात्राओं को स्पष्ट निर्देश दिया कि महाविद्यालय परिसर में कोई भी किसी के साथ रैगिंग नहीं कर सकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसएस पदाधिकारी डॉ कपिल देव पासवान,डॉ मिथिलेश कुमार सिंह,डॉ संगम कुमार सिंह, डॉ मदन कुमार सिंह,डॉ अनिरुद्ध कुमार,प्रो सुनील कुमार सिंह,डॉ अशोक,डॉ संजय कुमार चौधरी, डॉ संजय कुमार सिंह,प्रधान सहायक ओम प्रकाश सिंह,मनीष कुमार सिंह,इमरान,उदय कुमार, वीरेंद्र कुमार सिंह,ओम प्रकाश पंडित के साथ छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## कथा के नॉवे दिन भगवान श्री राम के बनवास गमन प्रसंग पर की गई चर्चा





**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल** जिले के नगर परिषद अंतर्गत ठाकुर बारी मन्दिर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा के सप्तम दिवस पर आज के यजमान द्वय वार्ड पार्षद गगन ठाकुर जी की धर्मपत्नी उषा देवी एवं अधिवक्ता कृपानंद पौद्दार सधर्मपत्नी व्यास पीठ का पूजन एवं आरती किया।

व्यास सुकृति के मुखारविंद से भगवान राम का वनवास गमन प्रसंग ने वर्णन किया गया जिसमें भगवान अपने भक्तों को ज्ञान दिया माता-पिता गुरु बिना विचारे मानना चाहिए क्योंकि वही तो हैं जो मेरा भला चाहते हैं। मात-पिता प्रभु गुरु के बानी। बिनही बिचर करहुं शुभ जानी।।

श्रीराम चन्द्र जी वन गये तो भगवान बन गये। भगवान वन जाकर अपने भक्तों को दर्शन दिए कोल-भील से मित्रता किए और यह सब करके भगवान यह संदेश देते हैं कि हमलोग छुआ-छूत ना करें।सब एक समान है। राम जी लीला दिखा रहे हैं कि भेद-भाव ना करें।

आज के कथा में साध्वी सुकृति दीदी ने बताई कि भरत जी से यह सीखना चाहिए कि भाई-भाई का प्रेम क्या होता है।एक बात समझिए इस प्रसंग से हमारा संबंध किसी से कब समाप्त होता है जब हम अपनों के बारे में किसी तीसरे के मुख से सुनने लगते हैं तो हमारा कितना भी प्रगाढ़ संबंध क्यों ना हो समाप्त हो जाता है।माता कैकेई अगर मंथरा की नहीं सुनती तो उसे आज ऐसा नहीं होता कि कोई भी मां अपनी पुत्री का नाम कैकेई नहीं रखती।

लखन लाल जी निषाद राज को समझाएं हैं कि

काहु न कोऊ सुख-दुख कर दाता।

**निज कृत कर्म भोग सब भ्राता।।**

व्यास जी ने कहा श्री राम जी ने वनवासी समाज को में प्रेम और स्नेह देकर गले लगाया और अलौकिक भक्त केवट द्वारा अटपटे वाणी से भगवान को हंसाने का काम किया। भगवान उनके प्रेम के बस में होते ही उतराई में मुद्रिका देना चाहा। लेकिन केवट ने कहा कि प्रभु आपके दर्शन मात्र से मुझे प्राप्ति हो गई । दोहा के माध्यम से व्यास जी ने कहा कि

पद पखारि जलु पान करि आपु सहित परिवार पितर पारू करि आपु सहित परिवार पितर पारू करि प्रभहिं पुनि मुदित गयऊं लिए पार.....

मुझे सिर्फ शक्ति का दान चाहिए। केवट ने भगवान के चरण धोकर चरणामृत को पुरे परिवार एवं पितर को भी अर्पित किया।

आज कथा में अंचल समिति अध्यक्ष डॉ सुधीर गुप्ता,सदस्य संतोष प्रधान, नलिन जायसवाल, अभिषेक गुप्ता,मनीष सिंह, रामकुमार चौधरी,सुमन जी अधिवक्ता ललन प्र सिंह,अजय चौधरी,डॉ राजा सिंह, डॉ प्रभु दयाल साह,परमानंद ठाकुर,मीणा देवी,पूनम जायसवाल ,कैलास पासवान,राम उद्गार,चंदन कुमार, ज्ञान सागर, सुचित्रा, अंजलि, मंजु,ऋतु,सोनी कुमार, केन्द्रीय व्यास शिवनाथ सिंह,प्रभाग व्यास राजकिशोर, अनिरुद्ध कुमार,शेखर, विक्की नीतीश कुमार सहित सैकड़ो श्रद्धालु राम कथा का श्रवण किया।

## हम पार्टी के नाम पर वोट नहीं करेंगे। दंगा का रहस्य क्या है। दिलावर हुसैन लतीफी प्रदेश (अध्यक्ष अवामी पार्टी बिहार)

**जिला संवादता दैनिक शुभ भास्कर ।** दिलावर हुसैन लतीफी ने कहा के भारत के कुछ जगहों पर जो दंगा हो रहा है इससे पूरे भारत में डर का माहोल बना हुआ है। उसने पूरे भारत वासियों से खिताब करते हुए कहा के जिन राज्यों में दंगा हो रहा है वहां पर वहां की सरकार और पुलिस प्रशासन दंगा की जांच कर रही है। दंगे को कुछ लोगों ने जात पात की लड़ाई बताते हुए हिंदू मुस्लमान में नफ़रत का माहौल बना दिया है।



दर असल हकीकत यह है की दरिंदों का कोई धर्म नहीं होता लेकिन चंद दंगाइयों की की वजह पूरे धर्म पर ऊंगली उठ जाती है। तो अब हमें अपनी आंख खोलने का वक्त आया हम किसी इंसान किसी पार्टी किसी दल के भक्त बनने के बजाय खुद की आत्मा का भक्त बने और सही गलत का फैसला खुद करें।

**विशेष** सरकार का प्रयास है कि शिक्षा का अधिकार सबों को मिलें।

## उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों द्वारा वर्ग नवम ने विशेष नामांकन अभियान के तहत पोषक क्षेत्र में चलाया गया जागरुकता अभियान




**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल** जिले में किसनपुर प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनपुर के शिक्षकों के द्वारा वर्ग नवम में विशेष नामांकन अभियान के तहत् पोषक क्षेत्र में घर - घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यालय के विज्ञान शिक्षक जितेन्द्र कुमार ने अभिभावकों से कहा कि जो विद्यार्थी अभी भी वर्ग आठवां पास कर नवम वर्ग में नामांकन किसी कारण से नहीं करवाएं तो 14 अगस्त तक में नांमाकन करवा लें। सरकार का प्रयास है कि शिक्षा का अधिकार सबों को मिलें। सभी पढ़े सभी आगे बढ़ें। विद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष सह नामांकन प्रभारी ने नामांकन से संबंधित सभी आवश्यक कागजातों की जानकारी देते हुए कहा कि अगर कोई कागज़ नहीं है फिर भी नामांकन हो जाएगा।सिर्फ आठवां पास विद्यालय परित्याग पत्र के आधार पर नामांकन हो जाएगा। वहीं शिक्षक बुद्धदेव पासवान ने अभिभावकों को शिक्षा के महत्ता को बताते हुए कहा कि इस विशेष नामांकन अभियान की मुहिम में आप सबों का सहयोग आवश्यक है। अपने जान पहचान और मित्रों को भी इसकी जानकारी दें। एचएम डॉ राजीव कुमार ने कहा कि शिक्षा विभाग के द्वारा विशेष नामांकन अभियान चलाया जा रहा है ताकि कोई नामांकन से वंचित नहीं रह जाए। विद्यालय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रतिदिन चेतना सत्र में इसकी जानकारी बच्चों को दिया जा रहा है।साथ ही विद्यालय के सूचना पट्ट पर भी इसकी सूचना दिया गया है। शिक्षक और अभिभावक कि बैठक में भी इसकी जानकारी दी गई है।शिक्षकों ने पोषक क्षेत्र किशनपुर, कुमरगंज, क्योटापट्टी आदि जगहों पर जन जागरूकता अभियान को चलाया। मौके पर अभिभावक प्रेमसागर कुमार, सोनू कुमार, कृष्णा कुमार,ज्योति कुमारी,शुभंकर कुमार , कंचन देवी, माला देवी, मनिया देवी, दुर्गा चौधरी, मंटून पासवान, मुकेश पासवान आदि मौजूद थे।

## लक्ष्मीनाथ योगपीठ ट्रस्ट के तत्वावधान में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर सुभाष चंद्र झा सहरसा** लक्ष्मीनाथ योगपीठ ट्रस्ट योग प्रशिक्षक आचार्य प्रभाकर गुरुजी के तत्वावधान में जागृति पार्क आईपी एक्सटेंशन पूर्वी दिल्ली में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।जिसमें यौगिक सूक्ष्म क्रिया का अभ्यास कराते हुए आचार्य प्रभाकर ने कहा जिस प्रकार भवन बनाने में नींव मजबूत बनाया जाता है। उसके ऊपर आप जितने मंजिल बनाएं भवन टिकाऊ होगा। उसी तरह कठिन आसनों के अभ्यास से पूर्व यौगिक सूक्ष्म क्रिया का अभ्यास सीखना परम आवश्यक है।उन्होंने कहा कि पेट के गड़बड़ी से ही शरीर में अनेका रोग उत्पन्न होता है। उसके लिए तीन आसानों का अभ्यास नियमित रूप से करना चाहिए। ताड़ासन, तृयक ताड़ासन और कटि चक्रासन का अभ्यास जरूरी है।उन्होंने कहा भूख लगने पर हीं भोजन करना चाहिए।भोजन के साथ तुरंत बाद पानी नहीं पीना चाहिए।वही चक्की चालन, गत्यात्मक, मेरु वक्रासन तनाव दूर करने के लिए भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।सिंहासन हास्यासन के बाद

कल शिविर के अंतिम दिन पेट के बल पीठ के बल आसन के साथ ही नाड़ी शोधन प्राणायाम का अभ्यास किया गया।साथ हीं शारीरिक शुद्धि के लिए षट्कर्म भी कराया जाएगा।भाई राष्ट प्रकाश ने कहा हम लोग शाखा में नियमित रूप से योगाभ्यास करते हैं। प्रशिक्षक के सानिध्य में करने का अलग अनुभव महसूस हुआ योगाभ्यास गुरु के ही सानिध्य में करना चाहिए।2 दिनों के अभ्यास से काफी अंतर लग रहा है। हल्कापन महसूस हो रहा है।इनके योग कराने का तरीका भी बहुत सहज और सरल है हर कोई कर सकता है।शिविर में साधक भाई राष्ट प्रकाश शर्मा ,सुरेंद्र जैन, अतुल शर्मा, गिरीश कुमार,पवन गर्ग, सीए सीताराम वार्सनेय, आनंद कांडपाल,महिपाल सिंह, राकेश बघेल सहित दर्जनों साधक भाग लिए।

## ख़ास ख़बर

## रालोजद की पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की हुई बैठक



**नासरीगंज (रोहतास)** नगर के बड़ी बाजार रोड स्थित वीरेंद्र उत्सव निकेतन में राष्ट्रीय लोक जनता दल के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा व संचालन नगर अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ गुड्डू ने किया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पंचायत के गांव-गांव में कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गयी। बैठक में पार्टी के मजबूती को लेकर चर्चा की गयी। जिलाध्यक्ष कपिल कुमार सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा को हमसे सभी मिलकर जिताने का कार्य करेंगे। उनके हाथ हम सभी कार्यकर्ता है। जो आम जनता तक उनकी बातों को पहुंचा सकते हैं। इसलिए पंचायत स्तर पर कार्यकर्ता को कड़ी मेहनत करना पड़ेगा। इस बैठक में प्रभारी नंद कुमार सिंह, जितेंद्र नाथ पटेल, जंग बहादुर सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा, वीर भगत मेहता, डॉ0प्रेम कुमार, विकाश कुमार, नंदू सिंह, अशोक कुमार, संत विलास सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिजली ऊर्जा चोरी में 15 लोगों पर लगा जुर्माना

**जुर्माना सहित प्राथमिकी दर्ज** नासरीगंज( रोहतास) प्रखण्ड के धुस स्थित विधुत पावर सब स्टेशन के कनीय विद्युत ?अभियंता पंकज कुमार शर्मा के नेतृत्व में विधुत बकाया व विधुत ऊर्जा चोरी के खिलाफ अतिमी गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पंद्रह लोगों को अवैध रूप से विधुत ऊर्जा चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। बाद में आरोपितों के खिलाफ अधिकारियों ने जुर्माना लगाते हुए स्थानीय नासरीगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरोपितों में अतिमी गांव के जवाहर ठाकुर (जुर्माना 8217 रूपये), द्वारिका भगत (जुर्माना 42460 रूपये), रणविजय सिंह (जुर्माना 36020 रूपये), संतोष प्रजापति (जुर्माना 25158 रूपये), फुलझरिया देवी (जुर्माना 97912 रूपये), शिव जतन साह (जुर्माना 25346 रूपये), जवाहर सिंह (जुर्माना 25456 रूपये), सुधीर सिंह(जुर्माना 30974 रूपये), गौरी शंकर सिंह (जुर्माना 32136 रुपये ), पारसनाथ सिंह (जुर्माना 13568 रुपये), नंदू सिंह (जुर्माना 44150 रुपये), दुखी सिंह (32849 रुपये), रविन्द्र ठाकुर (जुर्माना 12552 रुपये), बसन्त सिंह ( जुर्माना 46598 रुपये) व उमेश सिंह (जुर्माना 40085 रुपये ) शामिल हैं। जेई पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि अतिमी गांव में विधुत ऊर्जा की चोरी व विधुत बकाया बिल की राशि के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें कुल पंद्रह लोगों पर जुर्माना सहित नासरीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। इस अभियान में मानव बल रियासत दर्जी, हरिनारायण सिंह, मनोज राम व सोनू कुमार आदि शामिल थे।

## स्मार्ट मीटर में हो रही गड़बड़ी को लेकर उपभोक्ताओं ने दीया धरना प्रदर्शन

**कोचस (रोहतास)** कोचस नगर पंचायत में लगे स्मार्ट मीटर में बड़े पैमाने पर हो रही गड़बड़ी को लेकर पीड़ित उपभोक्ताओ ने मीटर में सुधार लाने के लिए बिजली विभाग कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इसकी जानकारी देते हुए कोचस नगर पंचायत के समाजसेवी सोनू शर्मा ने बताया कि शनिवार के दिन विद्युत कार्यालय के समक्ष पीड़ित विद्युत उपभोक्ताओ ने बड़े पैमाने पर हो रहे गड़बड़ी को



लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान उपभोक्ताओं ने बताया कि सौ रुपया के जगह त्रिगुनी बिजली की बिल आ रही है, कुछ उपभोक्ताओं ने अपने मीटर से बिजली बिल की प्रती छाया लेकर धरना में पहुंच वरीय अधिकारी के हाथो मे सौप दिया। जिसको देख वरीय अधिकारी एसडीओ दंग रह गए, वही एसडीओ प्रीतम कुमार ने धरना प्रदर्शन पर अड़े रहे उपभोक्ताओं को आश्वासन देते हुए कहा कि एक महीने के अंदर स्मार्ट मीटर में हो रही गड़बड़ी मे सुधार किया जाएगा जिसमें की लोगों को परेशानी ना हो। मौके पर अमरनाथ कुमार ओझा, सुदामा कुमार, रवि रंजन शर्मा, पुष्कर कुमार तिवारी, सुदामा कुमार, अभिसेक कुमार, पंकज कुमार सहित अन्य लोग लोग उपस्थित थे।

# शहीद खुदीराम बोस के बलिदान दिवस पर 'राष्ट्रीय कवि संगम' द्वारा काव्यांजलि

### जिला महामंत्री स्वागता बसु ने कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ



**कोलकाता,** भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले, मात्र अट्ठारह वर्ष की आयु में फांसी पर चढ़ने वाले, बंगाल के मिदनापुर जिले में जन्में शहीद खुदीराम बोस के बलिदान दिवस पर, राष्ट्रीय कवि संगम की मध्य कोलकाता इकाई ने, संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. गिरधर राय की अध्यक्षता में, एक अभूतपूर्व आभासी काव्य गोष्ठी का सफल आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 मीना घुमे (लातूर) एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रांतीय उपाध्यक्ष श्यामा सिंह एवं प्रांतीय महामंत्री राम पुकार सिंह ने उपस्थित होकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम के संयोजन का भार सम्भाला मध्य कोलकाता के जिला अध्यक्ष रामाकांत सिन्हा ने एवं संचालन के दायित्व का निर्वाह किया मध्य कोलकाता की जिला महामंत्री स्वागता बसु ने कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ आलोक चौधरी की राष्ट्र वन्दना एवं जिला अध्यक्ष रामाकांत सिन्हा के स्वागत भाषण के साथ इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ0 मीना घुमे ने शहीद खुदीराम जैसे अमर बलिदानियों को समर्पित अपनी रचना -वीरों को नमन- सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। उनकी एक अन्य रचना -आज़ादी का कृष्ण पक्ष- भी बेहद सराही गयी। शहीद खुदीराम बोस पर अपना वक्तव्य देते हुए मीना जी ने कहा कि हमें ऐसे शहीदों का हमेशा स्मरण करते रहना चाहिए और उनके बलिदानों द्वारा मिली स्वतन्त्रता को सहेज कर रखना हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ0 गिरिधर राय ने शहीद खुदीराम के बलिदान को इंगित करते हुए एक बेहद ही लाजवाब रचना सुनायी जिसकी पंक्तियाँ ङ्कहाथ लिए गीता, फांसी के तख्ते पर वो शेर चढ़ा था- सुनकर पटल पर उपस्थित सभी की आँखें छलछला गयीं। अन्य काव्य पाठ करने वालों के नाम इस प्रकार हैं ङ्क राम पुकार सिंह, रामा कांत सिन्हा, स्वागता बसु, उमेश चन्द्र तिवारी, आलोक चौधरी, हिमाद्रि मिश्रा, नीता अनामिका, मौसमी प्रसाद, वंदना पाठक, डॉ. शिप्रा मिश्रा, प्रणति ठाकुर, विष्णुप्रिया त्रिवेदी, स्वेता गुप्ता स्वेताम्बरी, रवींद्र श्रीवास्तव, मोनू यादव एवं राज घोष कार्यक्रम में, श्रोताओं के रूप में डॉ0 उर्मिला साव कामना, सीमा सिंह, नीलम झा, रीता चंद्रा पात्रा, पुष्पा रजक, डॉ0 सुशीला ओझा, दीपा ओझा, सुरेश गीर, सुनीता बुन्देला, विनोद यादव एवं पूजा कुमारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन, जिला अध्यक्ष रामाकांत सिन्हा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## छात्राओं ने सीआरपीएफ के जवानों को बांधी राखी हाथों में तिरंगा लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली

वाराणसी। शनिवार को मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत आर्य महिला पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं के साथ सीआरपीएफ जवान भी शामिल हुए। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने के साथ सीआरपीएफ के जवानों व वृक्षों को राखी बांधी और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। आर्य महिला पीजी कॉलेज के महर्षि ज्ञानानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सीआरपीएफ के जवानों को सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्राओं ने कॉलेज परिसर से अपने हाथों में तिरंगा लेकर जागरूकता रैली निकाली। पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्राओं ने अपने स्लोगन से लोगों को जागरूक किया। वहीं कॉलेज परिसर में सीआरपीएफ के जवानों के साथ



अध्यापिकाओं और छात्राओं ने पौधारोपण किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष एवं गंगा हरितिमा केस ब्रांड एंबेसडर अनिल कुमार सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम को लेकर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आर्य महिला पीजी कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही छात्रों ने देश के जवानों को रक्षा बांधकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आंगनबाड़ी भवन पर आम व्यक्ति ने जमाया अवैध कब्जा

**केसठ (बक्सर)** प्रखंड क्षेत्र के कतिकनार वार्ड 14 स्थिति आंगनवाड़ी भवन पर एक व्यक्ति द्वारा करीब तीन वर्षों से अवैध कब्जा कर अपना बसेरा बना लिया है। इस संबंध में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा को शिकायत मिली हुई थी।जिसके बाद बीडीओ ने शनिवार को उस आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि राजेंद्र यादव द्वारा करीब 3 वर्षों से उस आंगनवाड़ी भवन पर अवैध रूप से अपना कब्जा जमाया हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 14 सेविका द्वारा किराय के मकान में आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन करती है। वही सेविका से मिली जानकारी के अनुसार सेविका ने कहा कि सरकार द्वारा निर्मित आंगनवाड़ी भवन



पर राजेंद्र यादव के द्वारा अवैध रूप से करीब 3 सालों से कब्जा जमाया गया है। जो अपने निजी कार्य हेतु उस भवन का उपयोग करते हैं। वही बीडीओ ने कहा की निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि उस आंगनबाड़ी भवन में अवैध रूप से कब्जा किया गया है और उसके कमरों में पशुओं का चारा रखा गया है। उन्होंने कहा कि राजेंद्र यादव को 7 दिन का अवैध कब्जा हटाने को लेकर समय दिया गया है अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो उनके ऊपर एफआईआर दर्ज की जाएगी साथ ही जितने दिनो से कब्जा जमाए हुए है। जितने दिनो तक का उन से किराया भी वसूली जाएगी। स्थानीय लोगों की मानें तो सरकारी स्तर पर यह आंगनबाड़ी केंद्र एक ठेकेदार द्वारा लगभग 3 वर्ष पहले बनाया गया था लेकिन विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया। तबसे कब्जे में वह केंद्र है।

### प्रख्यात तबला वादक पुंडलिक भागवत का निधन, संगीत जगत हुआ शोकाकुल



**वाराणसी।** शनिवार को बीएचयू मंच कला संकाय के वरिष्ठ तबला वादक पंडित पुंडलिक कृष्ण भागवत का निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही संगीत जगत में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार शाम प्रख्यात तबला वादक पुंडलिक रामरंग संगीत समारोह में पूरे तीन घंटे तक रहे। संगीत पर चर्चा भी की। उसके कुछ घंटे बाद हृदयगति रुकने से उनके निधन का समाचार सुनकर संगीत से जुड़े लोग स्तब्ध रह गए। पं पुंडलिक भागवत सनबीम वरुणा में सिडबी एवं स्पिक मैके की ओर से पांच दिवसीय कार्यशाला में बच्चों को तबला वादन का प्रशिक्षण भी दे रहे थे।

## ट्रेन से कट दो युवक की हुई मौत परिजनो में मचा कोहराम

**कोचस (रोहतास)** थाना क्षेत्र के भागीरथा गांव के युवक की कैमूर मे ट्रेन से कटकर मौत हो गई. घटना भभुआ रोड स्टेशन की है. मिली जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक पर दो युवक की शव बरामद हुई. शव क्षत-विक्षत हालत में मिला, जिसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आ जाने से हुई है। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया है.मृतक की पहचान कोचस के भगीरथा निवासी कमला यादव के 25 वर्षीय पुत्र अमित कुमार तथा सत्येन्द्र सिंह के 18 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार के रूप में हुई है। दोनो युवक अपने घर से मजदूरी करने के लिए जोधपुर किसी प्राइवेट लिमिटेड में काम करने के लिए जा रहे थे।जो मजदूरी कर अपने



परिवार का भरण पोषण कर रहा था. बता दें कि शव शनिवार की सुबह 4 बजे रेलवे ट्रैक पर मिला. जिसे देखने के लिए आसपास के सैकड़ों लोग जुट गए. परिजनों की सूचना मिलने पर भगीरथा से बहुत से लोग घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम करा अपने गांव ले आए जहां गांव में आते ही मातम सा पसर गया तथा परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है ।

## अमृत महोत्सव कार्यक्रम तहत वीरों किया गया नमन



नोखा (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के मुजराड गांव में भाजपा के नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मेरा माटी मेरा देश के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर वीरों को नमन मिट्टी का बंधन किया गय जिसमें मिट्टी को वंदन करते हुए अस्थि कलश में रखकर भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीण जनता ने प्रधानमंत्री मोदी जी के पंच प्राण लिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री सुनीता गुप्ता भाजपा अति पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चौहान जिला मंत्री संध्या श्रीवास्तव प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह बिंदेश्वरी सिंह भाजपा उमाशंकर प्रसाद जवाहर चौरसिया माल बाबू शर्मा ललित राय सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्युत विभाग ने 19 उपभोक्ताओं को भेजी लीगल नोटिस

**नीलामवाद की होगी कार्रवाई** बिक्रमगंज (रोहतास) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, बिक्रमगंज अंतर्गत सभी प्रशाखाओं में राजस्व वसूली को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे बिजली चोरी को लेकर जुर्माना एवं प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है। पूर्व में जो बकायेदार उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया था एवं अब तक बकाए राशि का भुगतान नहीं किया गया है उन पर नीलामवाद दायर की जा रही है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि चालू सप्ताह में 5 उपभोक्ताओं पर नीलामवाद दायर करने हेतु लीगल नोटिस भेजी गई है तथा अग्रेतर करवाई की जा रही है जो निम्न प्रकार है :-

| नाम | बकाया राशि |
|---|---|
| मो. फरीद खान | 321099 |
| अरशद खान | 546244 |
| तिलेशरा देवी | 249390 |
| शिव शंकर कुमार | 68629 |
| संतोष कुमार | 97152 |
| बसीर अहमद | 68509 |
| बिनोद कुमार | 493370 |
| राजेश कुमार दुबे | 215482 |
| कुमार अभिमन्यु | 238168 |
| पिंटू शर्मा | 73193 |
| मंतोष कुमार | 105217 |
| शंभु प्रसाद | 67482 |
| सुरेश साह | 45688 |
| दूधनाथ पासवान | 77556 |
| रामकुमारी देवी | 88628 |
| मिथिलेश कुमार | 64720 |
| विनोद साह | 378883 |
| राजीव रंजन सिंह | 16666 |
| राम दास चौधरी | 29951 |

**आयोजित** क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने की लोगों से की गयी अपील

# संयुक्त पुलिस आयुक्त एवं अपर पुलिस आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

**वाराणसी।** धर्म नगरी काशी की गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखने और शांति व कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए वाराणसी पुलिस निरंतर प्रयासरत है। उक्त लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार पीस कमिटी की बैठक की जा रही है। इसी क्रम में कमिश्नरेट के भेलूपुर थानान्तर्गत बजरडीहा चौकी परिसर में संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ. के. एजिलरसन एवं अपर पुलिस आयुक्त शिवासिम्पी चनप्पा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मौजूद लोगों के साथ विभिन्न बिन्दुओं पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान उपस्थित पीस कमिटी के लोगों ने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन को अपना और क्षेत्रीय लोगों का पूरा सहयोग देने की बात कही।



बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने कहा कि समाज में शांति एवं कानून व्यवस्था को बरकार रखना पुलिस प्रशासन के साथ-साथ जनसामान्य का भी दायित्व है। सभी को कानून का अक्षरशः पालन करना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक संदेशों को पोस्ट करने से बचना चाहिए। परस्पर धार्मिक सद्भाव बनाये रखना सभी धर्मों के लोगों की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। पुलिस अधिकारियों द्वारा उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया गया कि पुलिस प्रशासन अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सदैव प्रयत्नशील है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के दृष्टिगत क्षेत्रीय पार्षद को मिशन दृष्टि के तहत चौराहों पर कैमरे लगाने के निर्देश दिये गये। बैठक में मौजूद लोगों ने बेबाकी से पुलिस अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी और पुलिस प्रशासन को सदैव अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में संयुक्त पुलिस आयुक्त एवं अपर पुलिस आयुक्त के साथ डीसीपी काशी जोन रामसेवक गौतम, एसीपी भेलूपुर प्रवीण कुमार, प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर राजेश सिंह, चौकी प्रभारी बजरडीहा मधुकर सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## हरिश्चंद्र बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने दिया अपनी प्रतिभा का परिचय

**वाराणसी।** शनिवार को हरिश्चंद्र बालिका इंटर कॉलेज और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने 76वें आजादी के उत्सव को लेकर पेंटिंग और रंगोली बनाया। छात्राओं के इस बेहद आकर्षित कर देने वाली रंगोली को देख अध्यापक और अध्यापिकाएं काफी प्रसन्न हुई। हर-घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा को प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस मौके पर प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय व तृतीय स्थान आने वाली प्रतिभागियों के साथ अन्य को सांत्वना पुरस्कार देकर सभी छात्राओं का हौसला




अफजाई किया गया। वहीं इस दौरान छात्राओं और अध्यापिकाओं ने आजादी के अमृत महोत्सव के सेल्फी प्वाइंट पर खूब फोटो खिंचवाई। हरिशचंद्र बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाध्यापिका प्रियंका तिवारी ने बताया कि अमृत महोत्सव के तहत रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने बेहद हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।

## ख़ास ख़बर

# दक्षता पास किए शिक्षकों को नहीं मिल पा रहा है बड़े वेतन का लाभ





**सीवान संवाददाता।** सिवान जिले के सैकड़ों शिक्षकों को दक्षता पास होने के बाद भी बढे हुए वेतन का लाभ नहीं मिल पाने की सूचना प्राप्त हुई है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि विगत 2 माह पूर्व परीक्षा दे चुके तथा लगभग 1 माह पूर्व रिजल्ट आने के बाद भी अभी तक दक्षता पास किए शिक्षकों के वेतन वृद्धि का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसकी चर्चा जोरों पर है।बताते चलें कि रिजल्ट आने के 7 दिनों के अंदर ही सर्टिफिकेट आने की बात शिक्षा विभाग के द्वारा की गई थी। जबकि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में अभी तक दक्षता का सर्टिफिकेट नहीं आ पाया है। जिसके कारण दक्षता उत्तीर्ण हुए नियोजित शिक्षकों के द्वारा बीपीएससी का परीक्षा फॉर्म भी नहीं भरा गया। वहीं दूसरी तरफ दक्षता पास करने के बाद अभी तक लगभग डेढ़ महीने के बाद वेतन वृद्धि का लाभ शिक्षकों को नहीं दिए जाने की चर्चा लगातार हो रही है। बताते चलें कि सिवान के अलावा विहार के अन्य जिलों में जिला शिक्षा पदाधिकारी इस मामले में पत्र निर्गत कर वेतन निर्धारण करने के लिए प्रत्येक प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देशित कर चुके हैं। जबकि सिवान में शिक्षा विभाग उदासीन पड़ा हुआ है। जिसके कारण शिक्षकों को बढ़ा हुआ वेतन नहीं मिलने की चर्चा है। वही दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके शिक्षक इस मामले को लेकर खिन्न दिखाई दे रहे हैं।

## मांगों को ले हंगामा करती आशा कार्यकर्ता



**हसनपुरा ( सीवान)** प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में अपनी मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार विरोधी नारे लगाए। आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक हमारे मांगे पूरी नहीं होती अनिश्चतकालीन हड़ताल जारी रहेगा। आशा कार्यकर्ताओं के अपनी मांगों को ले धरना से इधर ओपीडी, टीकाकरण 32 दिनों से बाधित है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हंगामा करने में दर्जनों आशा कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

## बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने बैजनाथ धाम जाएंगे श्रद्धालु

**सीवान**-श्रीमाता वैष्णो देवी दर्शन समिति सीवान के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का जत्था बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए बैजनाथ धाम जाएंगे। श्रद्धालु 26 अगस्त की शाम में सीवान से रवाना होंगे। समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, संरक्षक अरविंद कुमार पांडेय, विकास कुमार सिंह जिशु, सचिव अनूप कुमार ने बताया कि 27 अगस्त को सुबह में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इसके बाद बासुकीनाथ मंदिर जाएंगे। वहां पर भी जलाभिषेक के बाद वापस आएंगे। उन्होंने कहा कि पवित्र सावन माह में भोलेनाथ का जलाभिषेक कल्याणकारी होता है। बैजनाथ धाम यात्रा को लेकर तैयारी बैठक भी की गई। इसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। यात्रा प्रभारी मुन्ना कुमार सिंह, जयनाथ सिंह, राजीव कुमार मिंटू, अशोक पांडेय,मैनेजर साह आदि मौजूद थे।

## कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**सिवान** जिले में उपेंद्र कुशवाहा की नई पार्टी राष्टीय लोक जनता दल का कार्यकर्ता सम्मेलन आज यानी रविवार को आयोजित होनेवाली है। जिसको लेकर जिला मुख्यालय में तोरण द्वार बनाए गए हैं। आश्चर्य की स्थिति यह है की अखबार वालों को इसकी जानकारी नहीं दी गई है। इन दिनों लगातार सोशल मीडिया पर काम कर रहे चंद यूट्यूब वर्करों कोही कुछ नेताजी लोग पत्रकार समझ रहे हैं। बताते चलें कि इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तथा तेजतर्रार युवा नेता व जीरादेई के पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा ने बताया कि कल पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सिवान में रखा गया है।

# मनोज सहनी मिलेगे पीएम नरेंद्र मोदी से, भेजा गया आने जाने का टिकट और रहने का व्यवस्था



**बंदना-प्रवीण मिश्रा बुलबुल की विशेष रिपोर्ट**-सिवान जिले के भगवानपुर हाट में जन्मे और मोहम्मदपुर गांव के निवासी मनोज साहनी 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे और बात करेंगे । इस संबंध में बातचीत करते हुए भगवानपुर हाट के मोहम्मदपुर निवासी मनोज साहनी ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा उनको आने जाने का टिकट तथा वहां रहने के होटल का पूर्ण खर्चा दिया जाएगा। जो पहले ही भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि 2019 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा भी उनके गांव आकर मत्स्य पालन की प्रशंसा की गई थी। वही मत्स्य पालन के इस तकनीकी को पूरे बिहार में विकसित किया गया था ।वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मनोज साहनी को सम्मानित भी किया था ।इस बात को लेकर लगातार मनोज साहनी समेत स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। बताते चलें कि 54 बिगहे बेकार पड़ी हुई भूमि को लीज पर लेकर लगभग दर्जनभर तालाब खुदवा कर मनोज साहनी ने 45 लाख रुपए की लागत से मत्स्य पालन का कार्य शुरू किया । जिसमें उन्होंने बताया कि यदि मौसम ने साथ दिया तो 1 करोड़ रुपए का लाभ होगा।

बताते चलें कि सिवान जिले के मोहम्मदपुर निवासी मनोज साहनी ने मछली पालन को लेकर अपना कैरियर बनाया तथा एक ऐसी तकनीकी व्यवस्था शुरूआत की । जिसे देखने के लिए आज दूर-दूर से लोग आते हैं। जिसमें मछली पालन नए तकनीकी से किया जाता है । बताते चलें कि तालाब के ऊपर मुर्गा पालन की व्यवस्था है ।

जो मुर्गों का बीट होता है। वह तालाब में गिरता है। जिसको खाकर मछलियां बड़ी तेजी से बहुत बड़ी बड़ी हो जाती हैं । वही कम लागत में सरकार के अनुदान के सहयोग से मछली पालन बड़े ही आसानी से और कारगर ढंग से उत्पादन करने की नई तकनीक इन्होंने विकसित किया है। गांव के लोगों ने बताया कि पूर्व में मनोज साहनी अत्यधिक गरीब थे। लेकिन उन्होंने राज्य के कई जगहों से जाकर मछली पालने से संबंधित प्रशिक्षण लिया तथा अपने गांव में लगभग 54 बीघे बेकार पड़े जमीन को लेकर दर्जनों तालाब खुदवाई तथा उसमें मछली पालन का काम शुरू किया। जिसमें मछली के बीज भी तैयार किए जाते हैं तथा बेचे जाते हैं।

जहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में मछली पालक तथा व्यवसायी यहां आते हैं तथा खरीदकर मछली के बच्चों यानी बीजों को तथा मछलियों को लेकर जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं आकर मनोज साहनी के यहां मछली पालन का व्यवसाय देख चुके हैं तथा बिहार में मछली पालन का यह मॉडल उन्होंने लागू किया है।

# डीएम ने किया ऋण वितरण शिविर का उद्घाटन



**सीवान संवाददाता।**सिवान जिला अधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने शनिवार को ऋण वितरण शिविर का उद्घाटन शनिवार को किया। जिसमें उपसमाहर्ता समेत जिले के सभी बैंकों के प्रबंधक मौजूद रहे।

बताते चलें कि सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर इस ऋण वितरण शिविर का उद्घाटन किया ।उसके बाद उपस्थित सभी बैंक एवं अन्य प्रबंधकों एवं बैंक कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया । बैंक कर्मियों ने जिलाधिकारी को साल ओढ़ाकर डीएम को सर्वप्रथम सम्मानित किया। बाद में इस ऋण वितरण शिविर में स्वीकृत पीएमईजीपी के तहत 47 लाभुकों को ऋण का वितरण किया गया ।

वहीं दूसरी तरफ पी एम एस एम ई योजना अंतर्गत 54 लाभुकों को ऋण प्रदान किया गया। बाद में जिला पदाधिकारी द्वारा सबको धन्यवाद ज्ञापन कर शिविर सम्पन्न किया गया।

# अवैध अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**धीना।**कन्दवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार की शाम सिसौरा पुलिया के समीप से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।वही दूसरा शराब तस्कर फरार हो गया।पुलिस ने गिरफ्तार शराब तस्कर के तलाशी में 336 टेट्रा पैक अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया।पुलिस शराब तस्कर को थाने लाकर अगली कार्रवाई में जुट गई। पुलिस अधीक्षक ड़ा0 अनिल कुमार के निर्देश पर पशु तस्करों व शराब तस्करों पर अभियान चलाया जा रहा है।इसके लिए कन्दवा थानाध्यक्ष बिनोद कुमार मिश्रा ने पुलिस टीम गठित किया है।टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि शराब तस्कर अवैध शराब को बिहार में ऊंचे दाम पर बेचने जा रहे है।पुलिस मौके से एक शराब तस्कर राजेश प्रसाद निवासी तेघरा भोजपुर बिहार को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।वही दूसरा शराब तस्कर शंकर गोंड निवासी अमराई नवादा भोजपुर बिहार फरार हो गया।पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुनील सिंह, मुन्ना राम, कांस्टेबल संजय मिश्रा, रजत पाण्डेय आदि रहे।

# मैरवा में नल जल योजना का पोल खोल रहा है यह नल



**मैरवा सिवान संवाददाता** सिवान जिले का मैरवा जहां एक सबसे बड़ा व्यावसायिक प्रखंड है।

वहीं अब नगर पंचायत मैरवा का थाना रोड आजकल चर्चा का विषय बना हुआ है जहां थाना रोड के मुख्य सड़क पर ही नल जल के एक नल से लगातार पानी फेंक रहा है जहां आने जाने वाले राहगीर तथा मजदूर किस्म के लोग नहाते एवं हाथ पैर धोते नजर आ रहे हैं बताते चलें कि थाना रोड में नगर पंचायत कार्यालय के ठीक सामने ही यह नल जल मुख्य ढलाई वाले सड़क पर तेज फफबारी के रूप में पानी फेंक रहा है जहां से आने जाने वाले राहगीर गुजरते हैं तथा गाड़ियां दिन भर गुजराती रहती हैं जिस पर किसी का नजर नहीं है एक तरफ सड़क ऊंचा हो जाने के कारण घरों में पानी घुसता है वही जल निकासी की व्यवस्था नहीं है दूसरे तरफ नल जल व्यवस्था का पोल खोलता है

यह नल चर्चा का विषय लगातार बना हुआ है। बताते चलें कि वहां लगातार नगर पंचायत में नल जल समेत सड़क एवं तमाम व्यवस्थाएं चर्चा का विषय बनी हुई है। जिसको लेकर लगातार कई लोगों ने नगर पंचायत मैरवा की शिकायत तमाम अदालतों समेत जिला पदाधिकारी एवं निगरानी को जांच करने के लिए सौंप चुके है। जिसमें लाखों रुपए घोटाले भी उजागर हो चुके हैं।

## हटाया जा रहा है स्थापना शिक्षा स्थापना कार्यालय



**सीवान संवाददाता** जिला मुख्यालय के आदर्श वीएम मध्य विद्यालय में वर्षों से चल रहा शिक्षा विभाग का स्थापना कार्यालय अब धीरे-धीरे खिसक रहा है। बताया जा रहा है कि स्थापना कार्यालय को अन्यत्र भाड़े के कमरे में ले जाए जा रहा है। बताते चलें कि यह अब जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के ऊपर भाड़े के कमरे में शिफ्ट हो रहा है। लोग चर्चा करते हुए नजर आ रहे हैं कि बहुत दिन से लगभग तीन से चार दशक से यह जिला शिक्षा स्थापना विभाग का कार्यालय वीएम मध्य विद्यालय के कमरों में अवैध रूप से चल रहा था। जो जिलाधिकारी के निरीक्षण के बाद दूसरे जगह शिफ्ट हो रहा है ।बताते चलें कि पिछले महीने सिवान जिला अधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने जेपी चौक की स्थित आदर्श वीएम मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया था। जहां निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कमरों का निरीक्षण किया, शौचालय का निरीक्षण किया, साफ सफाई समेत तमाम एक-एक चीजों का उन्होंने निरीक्षण किया। वहीं बातचीत के क्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा यह बताया गया कि जहां बच्चों की संख्या ज्यादा है। भवन जर्जर स्थिति में है ।वहीं उनके लगभग आधा दर्जन कमरों में जिला शिक्षा पदाधिकारी का स्थापना कार्यालय वर्षों से चलाया जाता है। जिस पर तत्काल आदेश देते हुए जिलाधिकारी ने विद्यालय के कमरे को खाली करने का आदेश दिया था। जिस पर आदर्श मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश प्रसाद ने स्थापना पदाधिकारी अवधेश कुमार को पत्र लिखकर जिलाधिकारी की आदेश का पालन करने को कहा था तथा सभी का कार्यालय को अन्यत्र ले जाने की बात कही थी। जिसको लेकर तत्काल हरकत में आए डीपीओ स्थापना अवधेश कुमार के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है।

## जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों में मनाया गया सुरक्षित शनिवार

**सिवान संवाददाता** सिवान जिला मुख्यालय समेत जिले के मैरवा गुठ,नी दरौली,नौतन, जिरादेई, रघुनाथपुर, अंदर, बड़हरिया बसंतपुर, गोरिया कोठी, महाराजगंज, तरवारा,सिसवन समेत सभी प्रखंड में सुरक्षित शनिवार यानी बैगलेस डे मनाया गया। जिसके तहत विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को बिना बैग तथा बिना कॉपी और बिना पुस्तकों के आने की बात बताई जा रही है। बताया जा रहा है की बाढ़, सुखार, बिजली गिरने, बरसात से बचने, भूकंप से बचने समेत तमाम आकस्मिक आपदा तथा विषय पर विशेष चर्चा एवं गतिविधियों के माध्यम से इस संबंध में बच्चों को जानकारियां दी गई।

**सफाई** सफाई कर्मियों की टीम ने ग्राम सभा में पोस्टर लगाकर सफाई करने का कार्य किया

# सावन के सोमवार से पूर्व ही रोस्टर लगा ग्राम सभाओं में की गई सफाई




**संवाददाता रमेश कुमार की रिपोर्ट**/सकलडीहा चंदौली सफाई कर्मियों की टीम ने ग्राम सभा में पोस्टर लगाकर सफाई करने का कार्य किया प्राप्त जानकारी के अनुसार सकलडीहा कोतवाली और तहसील के साथ बाबा कीनाराम के जन्म उत्सव की तैयारी की निगरानी करने के क्रम में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण करने की जानकारी आ रही थी अधिकारियों की उपस्थिति की धमक के कारण तहसील परिषद से लेकर कोतवाली परिषद तक रास्ते नालियों की साफ-सफाई के साथ कूड़ा निस्तारण करने का क्रम जारी रहा जहां प्रात काल से ही सफाई कर्मी झाड़ू फावड़ा लिए हुए क्षेत्र में घासों की सफाई नाली में जमी गंदगी यों की सफाई के साथ कोतवाली परिषद के अंदर साफ सफाई का क्रम जारी किए हुए थे वही

इस संबंध में जब सफाई कर्मियों से जानकारी प्राप्त की गई तो उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक के आने की जानकारी प्राप्त हुई है जिससे साफ सफाई का कार्य प्रारंभ है

वैसे भी शनिवार के दिन दोस्तों लगाकर गांव की सफाई करने का कार्य किया जाता है वही 2 दिनों पश्चात सावन का सोमवार और मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाना है

इस लिहाज से भी ग्राम सभाओं को साफ और स्वच्छ करने का क्रम जारी है इस कार्य में लल्लन राय सुदर्शन प्रसाद की निगरानी में बतावा न्याय पंचायत से कमला प्रसाद जितेंद्र कुमार अनिल कुमार यादव कमला प्रसाद राजेंद्र कुमार श्रवण कुमार जय नाथ असलाम अजीत कुमार के साथ करीबन भी सफाई कर्मी कार्यरत रहे

# बोलबम जाने वाले बजा रहे,बोलबम जयकारा चारों ओर बा, भोला बाबा दरवार बेजोड़ बा .. गीत की चर्चा, प्रवीण मिश्रा बुलबुल का कांवर गीत बज रहा चारों ओर



**सीवान संवाददाता।** सिवान, छपरा, गोपालगंज वैशाली पटना मुजफ्फरपुर समेत बिहार के तमाम जिलों में लगातार प्रवीण मिश्रा बुलबुल के गए भोलेनाथ के भजन बम बम जयकारा चारु और बा ..लगातार सुनने को मिल रहा है। बताते चले कि हर जाने वाला कांवरिया का गाड़ी बोल बम जयकारा चारों ओर बा ...यह गीत बजते हुए जा रहा है। भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा.... बम बम जय कारा चारों ओर बा,,, चारों ओर लगातार हलचल मचा रहा है । बताते चलें कि अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त तथा बिहार के प्रसिद्ध गायक प्रवीण मिश्रा बुलबुल का गया हुआ यह भोलेनाथ का भजन 2023 में रिकार्ड बना चका है। इस बार चाहे पटना हो चाहे गोपालगंज, सीवान हो या छपरा या बलिया हो या आया हर भोलेनाथ के मंदिरों पर बज रहा है। हर शिवालयों पर भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा, बम बम जय कारा चारों ओर बा, येह बाबा के महिमा के शोर बा ,, बम बम जय कारा चारों ओर बा...बजता हुआ सुना जा रहा है। इस संबंध में बातचीत करते हुए विशेष भेट वार्ता में श्री प्रवीण बुलबुल ने बताया कि इस बार यह भोलेनाथ का भजन भारत की नंबर वन कैसेट कंपनी टी सीरीज ने रिलीज किया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा उनके गाए भजन दही चूड़ा खाके ,, बोल बम जाके,, बाबा को मनाएंगे,,भी खूब ठहाका मारकर लोग बंजारे है। बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सैकड़ों भजन वेब म्यूजिक कंपनी, टीएफ कैसेट कंपनी , एंगल म्यूजिक कंपनी समेत विभिन्न कंपनियों से पूर्व से ही यूट्यूब एवं अन्य सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। जिसे प्रवीण मिश्रा बुलबुल सर्च कर सुन सकते हैं। इस बार भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा गीत में म्यूजिक मनोज बंटी का है तथा की सिरीज़ के प्रसिद्ध व्यक्तित्व ओम प्रकाश पांडे ने इस गीत को संग्रह किया है। जबकि मसहउर डायरेक्टर दीप श्रेष्ठ इस गीत पर नाचते हुए नजर आ रहे हैं।

## ख़ास ख़बर

# अतिक्रमण एवं जलजमाव को लेकर दोनों पंचायत के जनप्रतिनिधि आगे आने को तैयार



**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोर्ट/ फिरदौस अहमद।** भागलपुर-जगदीशपुर/ प्रखंड अंतर्गत पुरैनी उत्तरी एवं दक्षिणी पंचायतों में जलजमाव एवं अतिक्रमण को लेकर पुरैनी दक्षिणी के मुखिया सहवाज,सरपंच जीनत परवीन,पंचायत समिति समाया शमीम,उत्तरी पंचायत के मुखिया बिल्किस,सरपंच आसफा पंचायत समिति नफीसा,एवं जिला परिषद हाशिम दिलकश उर्फ गुलजार और क्षत्रिय विधायक नाथनगर अली अशरफ सिद्दीकी साहब एवं दोनों पंचायत के सभी मुखिया सदस्य सरपंच सदस्य के साथ दिनांक-17 अगस्त 2023 समय 11 दिन में जिला परिषद के प्रांगण में एक बैठक रखा गया है। जिसमें जलजमाव एवं अतिक्रमण को लेकर जो समस्या उत्पन्न हो रही है इसको लेकर हजारों जनता अस्त व्यस्त हैं।यह समस्या अतिक्रमण को लेकर हुई है इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी जगदीशपुर को एक आवेदन दिया जा चुका है जिसमें कहा गया है कि जल जमाव की समस्या एवं अतिक्रमणकारियों पर आवश्य कार्रवाई होगी। कुछ लोग अपने फायदे को लेकर सरकारी जमीन अतिक्रमण कर हजारों लोगों को नर्क में धकेल दिया है दोनों पंचायत के दोनों मुख्य सड़क पर अतिक्रमणकारियों का राज है। बहुत ही विषम परिस्थिति से खरादी मोहल्ला के लोग जी रहे हैं।गांव के सरपंच प्रतिनिधि नूर आलम, मोहम्मद मेराज उर्फ लालू, अहद ,जहांगीर, राजद नेता अकबर अंसारी, अब्दुस सलाम ,उप सरपंच वसीम,अखलाक उर रहमान उर्फ रॉकी अधिवक्ता जर्रार अहमद मुखिया प्रतिनिधि आसीम जफर महिला आयोग सदस्य राबिया खातून राशिद उर्फ मिस्टर सदस्य मुस्ताक मास्टर मुख्तार जहूर अहमद सभी ने एक स्वर में कहा के यह समस्या बहुत बड़ी समस्या सभी को मिलजुल कर नाले और सड़क को अतिक्रमण मुक्त करना होगा।

# करंडा ब्लॉक प्रमुख के दो करोड़ की अचल बेनामी सम्पत्ति कुर्क



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी ।** गाजीपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 07.08.2023 को प्रभारी निरीक्षक/विवेचक कोतवाली गाजीपुर द्वारा प्रेषित आख्या पर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी गाजीपुर द्वारा पारित कुर्की आदेश के तहत अंतर्गत धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत अभियुक्त आशीष यादव पुत्र स्व0 अमरनाथ यादव निवासी ग्राम सुआपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर की अचल/बेनामी सम्पत्ति, जिसकी अनुमानित बाजारू कीमत 02 करोड़ रुपये है, को आज दिनांक 12.08.2023 को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त द्वारा एक गिरोह बनाकर लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने, अपने तथा अपने गैंग के सदस्यों के लिए आर्थिक,भौतिक व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से आपराधिक कार्य तथा समाज विरोधी क्रियाकलापों में अर्जित बेनामी/अचल संपत्ति जो कि अपने नाबालिक भाई के नाम पर क्रय किया है का विविरण निम्नलिखित है ङ्क दिनांक 19.02.2009 को अपने नाबालिक भाई आकाश यादव संरक्षिका रजावती देवी निवासिनी मकान नं0 सं0 6/186 एच0-06-07 पहडिया आनंद विहार कालोनी परगना शिवपुर तहसील व जिला वाराणसी के नाम से मोहल्ला रमरेपुर वार्ड/परगनाङ्कसारनाथ/प0 शिवपुर स्थित आ0सं0-115 रकबा 123.60 वर्ग मी0 भूमि व उस पर निर्मित दो मंजिला मकान क्रय किया गया है।

# अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम कलेक्ट्रेट प्रांगण में



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी/ गाजीपुर।** आजदी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत ''मेरी माटी, मेरा देश'' एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम कलेक्ट्रेट प्रांगण में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओम वीर सिंह ने पंच प्रण लेकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को पंच प्रण की शपथ दिलायी, मैं शपथ लेता हूॅ कि देश की समृद्धि विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूंगा।' 'मैं शपथ लेता हूं कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहूंगा।' 'मै शपथ लेता हूॅ कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का पालन करूंगा।' 'मैं शपथ लेता हूं कि देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर, राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूंगा। शपथ के उपरान्त अध्यापको द्वारा तिरंगा मोटरसाईकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, जो राजकीय सिटी इंटर कॉलेज पर जाकर समाप्त हुआ। जिलाधिकारी ने कलेक्टेऊट परिषर में उत्साह व उमंगपूर्वक ''मेरी माटी, मेरा देश'' बेवसाइट पर अपलोड करने तथा आनलॉइन प्रमाण पत्र प्राप्त करने को कहा। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त जनपदवासियों से 13 अगस्त, 2023 से 15 अगस्त, 2023 तक अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर-घर तिरंगा लगाने की अपील की। जिलाधिकारी ने हर घर तरंगा अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त शासकीय/अशासकीय कार्यालयों, समस्त नगरीय निकाय कार्यालय, खण्ड विकास कार्यालयों, लेखपाल गॉव के प्रधानो द्वारा अपने अपने ब्लाक व क्षेत्र में हर घर तिरंगा लगाये जाने की अपील की जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गाजीपुर श्री संतोष कुमार वैश्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव, सदर/नगर के खंड शिक्षा अधिकारी अविनाश कुमार देवकली खंड शिक्षा अधिकारी उदय चंद्र राय के साथ अन्य खंड शिक्षा अधिकारी गण एवं जनपद के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओ पर होगी कड़ी कार्यवाही- डीएम



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी/ गाजीपुर।** शासन के निर्देश पर द्वितीय, शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना शादियाबाद में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी साथ ही शिकायतो को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। थाना दिवस शादियाबाद मे सात फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतो को लिखित रूप में दिया जिसमें से एक का मौके पर निस्तारण किया गया शेष आवेदन का निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओ के विरूद्ध एन्टी भू माफिया एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्यवाही करे और गरीबो के पट्टे आदि की भूमि पर बार-बार कब्जा करने वालो के खिलाफ केस दर्ज कर जेल तत्काल भेजा जाय। उन्होने निर्देश दिया कि लेखपाल एवं हल्का सिपाही आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए एक-दूसरे का मो0नम्बर अपने पास रखे तथा टीम बनाकर प्राप्त शिकायतो का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करे। उन्होने सख्त निर्देश दिया कि शिकायतो का निर्धारित समय में निस्तारण न किये जाने पर सम्बन्धित लेखपाल एंव सिपाही पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी शादियाबाद, थाना प्रभारी, लेखपाल एंव अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान मीडियाकर्मियों को पांच -पांच सौ का नोट देकर मीडियाकर्मियों का दबाना चाहता थे आवाज़



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी/ गाजीपुर।** जमानिया विकास खंड अंतर्गत बूढ़ाडीह ग्राम सभा के ग्राम प्रधान इन दिनों खूब चर्चा में चल रहे हैं। ग्राम प्रधान रिषिकेश सिंह यादव ने मीडियाकर्मियों की आवाज दबाने के लिए अपने ग्राम पंचायत सचिवालय में अपने कमियों को दबाने के लिए मीडियाकर्मियों को पांच -पांच सौ का नोट थमाने लगे जिससे मीडियाकर्मियों ने नोट को नहीं लिया।और मीडिया टीम ने ग्राम प्रधान द्वारा रिश्वत देते हुए वीडियो बना लिया। दरअसल कुछ दिनों पहले बूढ़ाडीह गांव में मीडियाकर्मियों की टीम पहुंचकर ग्राम सभा की पड़ताल किया तो ग्राम सभा में पानी निकासी न होने के कारण गली-गली में पानी लग जाता है जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में समस्या होती है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी निकासी न होने के कारण बरसात के दिनो मे गली-गली में पानी लग जाता है।ग्राम प्रधान को जिले के सीडीओ का नाम भी नहीं पता था। ग्राम प्रधान ने मीडिया टीम से बताया कि जेई देवराज को को कुछ ख़र्चा दे दिया जाता है।वर्तमान समय में जेई जमानियां ब्लाक में तैनात है। इस संबंध में मीडिया टीम ने जेई का पक्ष रखना चाहा तो जेई मीडिया टीम का फोन- पे नंबर मांगने लगे। ग्राम प्रधान का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल होने लगा है।

# थाना समाधान दिवस पर दो मामले हुए निस्तारित



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय ।** जखनियां गाजीपुर । भुडकुडा कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी जखनिया के, अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें कुल 12 प्रार्थना पत्र आए , मौके पर दो प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया ।बचे प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को देते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुए निस्तारित करने का निर्देश दिया गया । ज्यादातर मामले राजस्व विभाग से जुड़े रहे , शाहपुर सोम्मरराय गांव में काफी दिनों से रास्ते का विवाद चला आ रहा था जिसे आज मौके पर हल्का लेखपाल और दोनों पक्षों को बुलाकर मामले को निस्तारित करते हुए ।

# चोरी के मोनोब्लॉक सहित दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी** गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना पुलिस द्वारा थाने पर दर्ज चोरी के मुकदमें के अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। बताते चलें कि गत 11 अगस्त को वादी मुकदमा रामबिहारी कुशवाहा पुत्र श्रीपति कुशवाहा निवासी कादिर शाहपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर की तहरीर पर अज्ञात अभियुक्तों के मुकदमा पंजीकृत किया गया । उसकी विवेचना जब पुलिस ने आरम्भ की तो मुखबीर द्वारा दो संदिग्धों की जानकारी दी गयी। उस सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम धामूपुर से सोनू यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव व त्रिलोकी यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासीगण धामूपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर को संदेहावस्था में गिरफ्तार किया गया । पूछताछ करने पर व तलाशी लेने पर अभियुक्त के घर से चोरी किया गया मोनो ब्लाक पम्प भी बरामद हुआ। बरामदगी मोनो ब्लाक के आधार पर विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जयदीप, आरक्षी विनोद भारती, शिवा कुमार व बलबीर यादव शामिल रहे।

# आर्म्स एक्ट का अभियुक्त अवैध देसी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय ।** खबर गाजीपुर के भुडकुडा थाना क्षेत्र अंतर्गत से है जहां ,पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ,अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में ,क्षेत्राधिकारी भुड़कुडा शेखर सेगर व प्रभारी निरीक्षक भुड़कुडा तारावती यादव के कुशल निर्देशन में उपनिरीक्षक सलाउद्दीन द्वारा आर्म्स एक्ट से संबंधित ,अभियुक्त प्रिंस यादव पुत्र लाल बहादुर यादव ,निवासी ग्राम मखदुमपुर थाना भुड़कुडा को डिग्री कॉलेज के पास नहर मोड़ से ,भोर में गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त के पास से एक अवैध देसी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ गिरफ्तार अभियुक्त पहले भी दो बार थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ से जेल जा चुका है । प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि यह काफी शातिर अपराधी है । गिरफ्तार करने वालों में उप निरीक्षक सलाउद्दीन के साथ हेड कांस्टेबल अखंड प्रताप सिंह कांस्टेबल अमित वर्मा रहे । गाजीपुर जखनियां से सुरेश चंद्र पांडे की रिपोर्ट ।

# सिद्ध पीठ भुडकुडा के पीठाधीश्वर ने की योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय ।** जखनिया, गाजीपुर । क्षेत्र के सिद्ध पीठ भुडकुडा के पीठाधिपति एवं महथ श्री शत्रुघ्न दास ने शनिवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज से एक शिष्टाचार भेंट के दौरान क्षेत्र की जन समस्याओं से जुडी व अधूरी पडी समस्याओं के अलावा बिभिन्न बिन्दुओं पर गहनता से मंत्रणा के साथ ही मुलाकात के दौरान बहुत ही आत्मीय ढंग से मठ एवं इससे संचालित संस्था श्री महंत रामाश्रय दास शिक्षा परिषद, भुडकुंडा के विषय पर चर्चा व क्षेत्रीय समस्याओं पर भी विचार विमर्श हुआ। पीठाधीश्वर द्वारा किसी विशेष अवसर पर भुडकुडा में आगमन के आग्रह के साथ निवेदन करने पर मुख्यमंत्री जी ने सकारात्मक सहमति प्रदान किया।

# पलियां पंचायत भवन में चोरों ने किया हाथ साफ

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी** गाज़ीपुर। बिरनो थाना क्षेत्र के पलियां गांव के पंचायत भवन का ताला तोड़कर शुक्रवार की देर रात चारों ने वहां रखे कंप्यूटर सहित कई सामान चुरा लिए और फरार हो गए। बुधवार को सुबह ग्रामीणों ने पंचायत भवन का ताला टूटा देखकर प्रधान को सूचना दी। प्रधान की तहरीर पर पुलिस मौका मुआयना कर जांच में जुट गई। ग्राम प्रधान प्रियंका यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत कार्यालय में लगा कप्यूटर, प्रिंटर, बैटरी, इन्वर्टर, कैमरा, डीवीआर मंगलवार की रात चोर उठा ले गए। बुधवार की सुबह जब



ग्रामीण पंचायत कार्यालय की तरफ से निकले तो उन्होंने कार्यालय पर लगा ताला टूटा देखकर सूचना दी। जिसके बाद घटना की जानकारी हुई। इस संबंध में में बिरनो थानाध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना प्राप्त हुई है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**हत्या** — बरेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिलशादपुर गांव में एक दिलदहलाने वाली घटना बाप ने बेटे को फावड़े से काट डाला

# कलयुगी बाप ने फावड़े से काटकर की बेटे की हत्या,आरोपी पिता पुलिस गिरफ्त में



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी** गाजीपुर जनपद के बरेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिलशादपुर गांव से एक दिलदहलाने वाली घटना सामने आई है । सूचना के मुताबिक दिलसादपुर गांव.निवासी वशिष्ठ सिंह अपने बेटे शैलेन्द्र सिंह को किसी बात को लेकर फावड़े से काट डाला । यह घटना शुक्रवार देर रात्रि करीब 11 बजे की बताई जा रही है। सूचना पा कर मौके पर पहुंची थाना करीमुद्दीनपुर और बरेसर की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी पिता वशिष्ठ सिंह उर्फ बंगाली को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबिक, शैलेंद्र सिंह के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल गाजीपुर भेज दिया गया है। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार वशिष्ठ सिंह का गांव के बाहर परसा-तिराहीपुर मुख्य मार्ग पर ट्यूबवेल है। यहां पर शुक्रवार की रात किसी बात को लेकर वशिष्ठ सिंह और उसके बेटे शैलेंद्र सिंह के बीच विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में तमतमाए वशिष्ठ सिंह पास में पड़े फावड़े से शैलेंद्र सिंह पर ताबड़तोड़ वार कर दिया जिससे शैलेंद्र सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि इस घटना की जानकारी लोगों को सुबह मिली। इस दौरान किसी ने इस हत्याकांड की सूचना संबंधित थाने की पुलिस को दी। चुकी गांव दिलशादपुर का यह क्षेत्र दो थानों (करीमुद्दीनपुर और बरेसर के क्षेत्र में पड़ता है) की पुलिस मौके पर पहुंच गई। और मामले पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जा रहा है के पुलिस ने आरोपी पिता वशिष्ठ सिंह उर्फ बंगाली को गिरफ्तार कर लिया है । इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद ही पता चल पाएगा कि इस घटना को अंजाम वशिष्ठ सिंह ने क्यों दिया । पुलिस ने बताया की अभी तहरीर नहीं मिला है । वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया । मृतक की पत्नी ग्राम प्रधान भी है । मौके पर आला अधिकारी पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए हैं।


# देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी** गाजीपुर । भांवरकोल पुलिस ने तस्करी के जरिए बिहार पांन्त ले जा रहे देशी शराब के साथ बीरपुर पलियां मार्ग पर एक आटो से 15 हजार रुपये मूल्य की देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर वांछित धाराओं में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि बीती रात्रि में थाने के एसआई रामअजोर यादव एवं हमराहियों के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे।इसी बीच बजरिये मुखबिर सूचना मिली कि बीरपुर पलियां मार्ग की पुलिया के समीप पर एक आटो में तस्कर शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आटो को रोककर तलाशी ली। जिसमें कुल चार पेटी ब्लू लाइन देशी शराब जिसकी कीमत 15 हजार रूपए है उसे बरामद किया। गिरफ्तार शराब तस्कर श्रवण यादव पुत् लक्ष्मण यादव इसी थाना क्षेत्र के बीरपुर गांव का रहने वाला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर को आबकारी एक्ट सही सुसंगत धाराओं में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।जबकि बरामद वाहन को सीज कर दिया गया है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह,एस आई राम अंजोर यादव, हेड कांस्टेबल श्रीप्रकाश यादव , चन्द्रभान बिन्द,पंकज सिंह आदि शामिल रहे।

## खास ख़बर

# योगी सरकार में दबंगों के हौसले बुलंद ,दबंग विपक्षी ने भूतपूर्व शिक्षक पर चढ़ाई बोलेरो, हुई मौत



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** योगी सरकार के लाख आदेशों के बाद भी दबंगों पर लगाम लगाने में जिला प्रशासन विफल दिखाई दे रहा है

ताजा मामला तारुन थाना क्षेत्र का है जहां के रहने वाले नौशाद अली व उसका पुत्र जुबेर अहमद विपक्षी घर दबंग किस्म के व्यक्ति हैं जहां उसने दबंगई दिखाते हुए पीड़ित रवि शंकर के पिता पर बोलेरो चढ़ा दी जिससे वह बुरी तरीके से घायल हो गए जिन्हें आनन फानन में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई पीड़ित रवि शंकर ने थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पिता राम तीरथ तिवारी निवासी रामपुर भगन तारून अयोध्या के निवासी हैं पीड़ित के पिता और विपक्षी के मध्य दीवानी न्यायालय में मुकदमा चल रहा है मुकदमे में पीड़ित के पिता की डिग्री हो गई है जिसकी अपील कर रखी है जिसमें भी उन्हें सफलता की कोई आशा नहीं दिखाई पड़ी इसी रंजिश के कारण अपने पुत्र जुबेर अहमद से साजिश कर पीड़ित के पिता राम तीरथ को जान से मार डालने की योजना बनाकर 11 अगस्त समय लगभग 9ः00 बजे दिन में जब पीड़ित के पिता राम तीरथ तिवारी अपने घर से नाई की दुकान के लिए पैदल गाड़ी दाढ़ी बनवाने जा रहे थे की जुबेर अहमद पुत्र नौशाद अली महिंद्रा बोलेरो गाड़ी संख्या यूपी 42 26918 को ड्राइव करते हुए तेजी से आया और पीड़ित के पिता राम तीरथ को जान से मार डालने की नीयत से उनके ऊपर चढ़ा दिया जिसमें वह चोट खाकर गिर पड़े उसके बाद दोबारा फिर उनके ऊपर चढाकर बोलेरो भागने की कोशिश किया घटना को पीड़ित मां व सुरेंद्र तिवारी पुत्र स्वर्गीय केदारनाथ तिवारी निवासी गुंधौर तथा अगल-बगल के अन्य दुकानदार व अन्य लोगों ने देखा और दौड़े कि जुबेर अहमद ने यह कहकर कि साला लगता है बच गया आइंदा जान से मार डालेंगे।

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना इटियाथोक में की जनसुनवाई, प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश-



गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने थाना इटियाथोक में जनसुनवाई की। इटियाथोक में जनसुनवाई के दौरान कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मामले के निस्तारण हेतु मौके पर रवाना किया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय के निरीक्षण कर रजिस्टरों को चेकिंग की जिसमें रिकॉर्डो को अद्यतन करने, शिकायती प्रार्थना पत्रों का सम्बन्धित रजिस्टर में अंकन करने, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल निस्तारण करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार समस्त क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों से कुल 227 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए 35 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## हर घर तिरंगा बिक्री के लिए रविवार को खुलेगा मण्डल के सभी डाकघर

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** अयोध्या। देश की आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पूर्ण होने के उपलक्ष में संपूर्ण भारत आजादी का अमृत महोत्सव÷ बड़े धूमधाम से मना रहा है । इसी क्रम में डाक विभाग हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज भी सभी डाकघरों से तिरंगा बिक्री के लिए खुला रहा । इस दौरान मसौधा के जिला पंचायत सदस्य इन्द्रभान सिंह ने कहा कि आजादी के 75वें वर्षगाँठ के पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभियान को सफल बनाने के लिए आम जनमानस में देशभक्ति की भावना जगाना है

# राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए योग एथलीट



**गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो** आवेश अंसारी योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में फातिमा स्कूल में दो दिवसीय जनपद स्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रतिभा करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया कि शनिवार को फातिमा स्कूल के ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि फादर पॉल कोरिया , विशिष्ट अतिथि चिकित्साधिकारी डॉ शिव प्रताप वर्मा, नीता सिंह,ओम प्रकाश पांडे, अशोक सिंह, विजय सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर योग सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सब सब जूनियर वर्ग में ट्रेडिशनल इवेंट में प्रथम स्थान नव्य सिंह, द्वितीय स्थान नवनीत तृतीय स्थान सुमन गुप्ता सांत्वना पुरस्कार ऋषित चौरसिया और धैर्य ने प्राप्त किया।

सब जूनियर वर्ग ट्रेडिशनल इवेंट में बालिकाओं में प्रथम स्थान सष्मिता शुक्ला, द्वितीय स्थान श्रीम श्रीवास्तव तृतीय स्थान अवन्या सिंह सांत्वना पुरस्कार वैभवी सिंह और शांभवी मिश्रा ने प्राप्त किया।

ट्रेडिशनल इवेंट जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान कुंवर कृष्णा सिंह द्वितीय स्थान शक्ति सिंह तृतीय स्थान आदित्य देव मिश्रा ने प्राप्त किया। नेशनल इवेंट्स ट्रेडिशनल इवेंट जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अनामिका गुप्ता द्वितीय स्थान आध्या शुक्ला तृतीय स्थान सलोनी गुप्ता ने प्राप्त किया।

आर्टिस्टिक सिंगल सब जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान शिव श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान आशुतोष त्रिपाठी, तृतीय स्थान तथागत ने प्राप्त किया। आर्टिस्टिक सिंगल सब जूनियर वर्ग में बालिकाओं वर्ग में प्रथम स्थान अंशिका मौर्य द्वितीय स्थान सुप्रिया तिवारी तृतीय स्थान अक्षिति सिंह ने प्राप्त किया। आर्टिस्टिक पेयर इवेंट में सौर्य रायतानी और शुभांक श्रीवास्तव चयनित हुए। आर्टिस्टिक सिंगल इवेंट जूनियर में सौम्या सिंह चयनित हुई।

रिदमिक पेयर इवेंट में अनुप्रिया पटेल आकांक्षा सिंह प्रिषा द्विवेदी और अलका सिंह चयनित हुई। योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले सभी बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। मुख्य अतिथि फादर पॉल कोरिया ने प्रतिभा करने वाले सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हुए सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया की प्रतिभा करने वाले विभिन्न विद्यालय विद्यालयों के समस्त छात्र-छात्राओं को प्रतिभागी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समस्त छात्र-छात्राओं को 12 स्कूल के बच्चों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभा किया बच्चों के साथ-साथ प्रतिभाग करने वाले समस्त छात्र छात्राओं को प्रतिभागी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आशीष गुप्ता ज्योति सिंह नेहा वर्मा शिल्पी श्रीवास्तव सोनम मौर्य शिखा बिश्नोई अनिका, बिट्टू आदि का विशेष सहयोग रहा।

# मा0 विधायक तरबगंज, एडीएम, एसडीएम ने वितरित किया बाढ़ राहत किट

**गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो** आवेश अंसारी शनिवार को तहसील तरबगंज अन्तर्गत बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता और उनके जीवन को सामान्य बनाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर स्तर पर तत्पर है, आज विधानसभा क्षेत्र तरबगंज के बाढ़ प्रभावित गांवों में जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए राहत एवं बचाव के अस्थाई कैंप में पहुंचकर निरीक्षण कर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई राहत सामग्री वितरण किया एवं देवतुल्य ग्रामवासियों का कुशल क्षेम की जानकारी ली गई, तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया।



इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, उपजिलाधिकारी तरबगंज भारत भार्गव, क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री संजय तलवार, तहसीलदार तरबगंज श्री पुष्कर मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्री रामधोख मिश्रा, प्रधान ऐली श्री मनीराम यादव व श्री राजू सिंह, श्री अनुज शुक्ला, श्री भानू प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य जन, देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ब्लॉक परिसर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ब्लॉक कर्मियों को शपथ दिलाई

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या बीकापुर** - अयोध्या। आजादी के अमृत महोत्सव समापन समारोह मेरा माटी मेरा देश के तहत शासन द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में बीकापुर विकासखंड के कर्मियों द्वारा एडीओ पंचायत अजय तिवारी एवं एडीओ आईएसबी बद्रीनाथ पांडे के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति के संबंधित नारे लगाए गए। विकास खंड कार्यालय परिसर से शुरू हुई तिरंगा यात्रा बीकापुर बाजार और बीकापुर कस्बा में कई स्थानों से गुजरी तहसील परिसर में उप जिला अधिकारी राजकुमार पांडे द्वारा तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया तथा तिरंगा यात्रा में शामिल ब्लॉक कर्मियों का उत्साह वर्धन किया गया। बीकापुर बाजार में व्यापारियों द्वारा भी तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया।

## हिंदू पक्ष की भूमि पर जबरन नमाज अदा करने को लेकर श्री राम सेना ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ** अयोध्या । श्री राम सेना अयोध्या के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह ने फिरोज खान उर्फ गब्बर गौ तस्कर की शह पर हिन्दू पक्ष की भूमि गाटा संख्या 94 मि0 पर जबरन नमाज अदा करने को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम बभनियावाँ, थाना रौनाही, तहसील सोहावल जनपद अयोध्या स्थित भूमि गाटा संख्या 94 मि0 हिन्दू पक्ष के आत्म प्रकाश सिंह निवासी उपरोक्त की भूमि है। उपरोक्त भूमि पर विधान सभा प्रत्याशी गब्बर खाँ की शह पर अवैध रूप से कब्जा करके नवैय्यत बदलने की नियत से नमाज पढ़ना । जो मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभू श्रीराम की नगरी अयोध्या मे जुबेरगंज पशु बाजार के आड़ में गौ तस्करी के साथ मस्जिदो ईदगाहो एंव मजार के नाम पर भूमाफिया लैण्ड जिहादी मुस्लिम युवको को अवैधानिक रूप से भूमि हडपने एंव उन्माद फैलाने हेतु हवाला के जरिए फण्डिंग कराता है।दिनेश सिंह ने कहा कि प्रशासन उक्त भूमि के स्वामित्व की जाँच कराकर अवैध कब्जे को हटवाया जाए।

**➲ उपरोक्त भूमि पर विधान सभा प्रत्याशी गब्बर खाँ की शह पर अवैध रूप से कब्जा करके नवैय्यत बदलने की नियत से नमाज पढ़ना ।**

## आजादी के अमृत महोत्सव की तैयारी मे कम्पोजिट विद्यालय

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** बीकापुर- अयोध्या। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत आगामी 15 अगस्त को आजादी के अमृत महोत्सव मनाने हेतु घर - घर तिरंगा फहराने को लेकर विकास खंड मसौधा के विद्यालयों में अध्यापकों सहित बच्चों द्वारा जागरूकता रैली के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रचार - प्रसार किया गया।

घर -घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आज विकासखंड मसौधा के कम कमपोजिट विद्यालय पराकैल, पलिया गोवा, चांदपुर कैल सहित कई विद्यालयों में तिरंगा लेकर बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को अपने -अपने घरों पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया। कंपोजिट विद्यालय पाराकैल में हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत जीशान हैदर भी उपस्थित होकर वहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया ।संबोधन में सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्री हैदर ने बताया कि आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर प्रशासन के निर्देश के क्रम में सभी के घरों, सरकारी, अर्द्ध सरकारी भवनों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा फराना आवश्यक है। इसके प्रचार प्रसार के लिए विद्यालयों के बच्चों द्वारा रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों द्वारा डुग्गी /मुनादी भी कराई जा रही है।

# जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने संविधान बचाओ संकल्प छपिया ब्लाक में किया गया आयोजन



गोण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के निर्देशानुसार एवं प्रांतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नकुल दुबे जी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने जिले की समस्त 16 ब्लॉक पर संविधान बचाओ संकल्प सभा का आयोजन किए जाने के निर्णय के क्रम में आज छपिया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता संत बक्स मिश्रा के संचालन में संविधान बचाओ संकल्प सभा का आयोजन हुआ। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे ने कांग्रेस पार्टी की विचारधाराओं से एवं कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में किए गए जनहित के कार्यों को विस्तृत रूप से बताया। उपरोक्त कार्यक्रम में यूथ अध्यक्ष अभिषेक तिवारी महासचिव राम सिंगर भारती वीरेंद्र दुबे विक्रम पांडे अनिल कुमार तिवारी बलराम पांडेय पवन यादव तिलकराम वर्मा प्रहलाद मेराज अहमद अनवर अली दीपक कुमार महेश मिश्रा सरजू प्रसाद जटाशंकर चतुर्वेदी पवन यादव सहित सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## भाजपा मनायेगी 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका दिवस



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** अयोध्या। भाजपा 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका दिवस मनायेगी। इस दौरान विभाजन में विस्थापित होने वालों के संघर्ष व बलिदान को याद किया जायेगा। केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर जनपद में मौन जलूस, संगोष्ठी व प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। जिसको लेकर तैयारी बैठक भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि विभाजन विभीषिका दिवस के दिन विभाजन के दौरान जान गंवाने तथा संघर्ष करने वालों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। यह एक ऐसी कहानी है जिसमें हिंसक विभाजन के दौरान लाखों लोग बेघर कर दिये गये। हमारी वर्तमान पीढ़ी को विभाजन के दौरान सही गयी इस यातना व वेदना के विषय में जानकारी देना इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है।महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बताया कि विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन जलूस निकाला जायेगा। जिसमें लोग विभाजन की घटनाओं से सम्बंधित तख्तियां व राष्ट्रध्वज तिरंगा लेकर निकलेंगे। इसके साथ में संगोष्ठी व प्रदर्शनी का आयोजन भी होना है। इस कार्यक्रमों को लेकर जिम्मेदारियां सौप दी गयी है। कार्यक्रम हेतु प्रमुखों को नियुक्त कर दिया गया है। विभाजन से प्रभावित परिवारों व व्यक्तियों को कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जायेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर बैठक में सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। विभाजन विभीषिका दिवस को पार्टी व्यापक रुप से मनाने जा रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक महानगर उपाध्यक्ष डा राकेश मणि त्रिपाठी, रामकुमार सिंह राजू, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्रा, किसान मोर्चा अध्यक्ष विशाल सिंह बाबा, अंशुमान मित्रा, बब्लू मिश्रा, आशा गौड़ सूरज सोनकर, आकाश मणि त्रिपाठी, राजेश सिंह सहित सभी मण्डलों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

## मेरी माटी मेरा देश के अन्तर्गत मिनी मैराथन व खेल सामग्री वितरित

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या पूरा बाजार - अयोध्या। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में विकासखंड पूरा बाजार के परिसर में आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत मिनी मैराथन व खेल सामग्री वितरण का आयोजन युवा कल्याण विभाग अयोध्या द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पूरा शिवेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्या अर्पण कर किया और कहा पीएम मोदी ने 30 जुलाई को मन की बात के 103 वें संस्करण के दौरान मेरी माटी मेरा देश अभियान की घोषणा की थी। इस अभियान में वीरों को याद करने के लिए देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया है। सरकार ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के साथ इस बार स्वतंत्रता दिवस मनाने का कार्यक्रम बनाया है इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया।

**हत्या** मौके पर कई थानों की पुलिस के साथ क्षेत्राधिकारी बीकापुर भी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैदी से लगे रहे ।

# बोलोरो से घायल हुए सेवानिवृत शिक्षक की इलाज के दौरान मौत,पुलिस ने हत्या सहित धारा में मुकदमा दर्ज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** हैदरगंज-अयोध्या ।बोलोरो से घायल हुए सेवानिवृत शिक्षक की इलाज के दौरान मौत होने के मामले में पुलिस ने हत्या सहित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है । वही परिजनों ने आरोपी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं । शनिवार की देर शाम मृतक का शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया । मौके पर कई थानों की पुलिस के साथ क्षेत्राधिकारी बीकापुर भी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैदी से लगे रहे । तारुन थाना क्षेत्र के चौकी रामपुर भगन में बोलेरो वाहन से एक्सीडेंट में रिटायर्ड अध्यापक राम तीरथ तिवारी की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है । बाजार के आरोपी बोलेरो चालक जुबेर अहमद पुत्र नौशाद अली और उसके पिता नौशाद अली निवासीगण रामपुर भगन थाना तारुन के खिलाफ साजिश और हत्या करने का मुकदमा मृतक के पुत्र रवि शंकर तिवारी ने रात में ही शिकायती पत्र देते हुए तारुन थाने में दर्ज कराया है । मामला दो समुदाय के बीच होने के चलते शुक्रवार की देर शाम से ही तारुन पुलिस रामपुर भगन बाजार स्थित मृतक के घर के आस-पास



सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर दी गई । वहीं मृतक की बेटी आभा तिवारी और महिमा तिवारी ने बताया कि उसके पिता राम तीरथ तिवारी और आरोपी चालक के पिता नौशाद अली के बीच दीवानी न्यायालय में मुकदमा चल रहा था । मुकदमे में उनके स्वर्गीय पिता राम तीरथ तिवारी की डिग्री हो गई थी । जिसकी अपील नौशाद अली ने कर रखी है । जिसमें उन्हें सफलता की कोई आशा नहीं दिखाई पड़ी इसी रंजिश के कारण अपने पुत्र जुबेर अहमद के साथ साजिश कर उसके पिता को योजना के तहत शुक्रवार की सुबह 9ः00 बजे जब वह नाई की दुकान पर दाढ़ी बनवाने जा रहे थे तो जुबेर अहमद बोलोरो गाड़ी को ड्राइव करते हुए तेजी से आया और उसके पिता को जान से मारने की नीयत से उनके ऊपर चढ़ा दिया । जिसमें चोट लगने के कारण वे गिर पड़े । इस दौरान घटना को उनकी मां व सुरेंद्र तिवारी पुत्र स्वर्गीय केदारनाथ तिवारी निवासी गुंधौर तथा अगल-बगल के अन्य लोगों ने देखा तो दौड़ पड़े। इस बीच गाड़ी चला रहा जुबेर अहमद यह कहते हुए कि लगता है बच गया आइंदा जान से मार डालेंगे बड़ा मुकदमे बाज बनता है । गाड़ी लेकर तेजी से भाग निकला । वही उनके पिता के पूरे शरीर में जगह-जगह गंभीर छोटी आई थी । बाय पर भी टूट गया था पिता को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया परंतु उनकी मृत्यु हो गई । वही इस मामले में शनिवार की शाम 4 बजे के आसपास शव रामपुर भगन पहुंचते ही रामपुर भगन को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया । मौके पर बीकापुर कोतवाल राजेश कुमार राय कोतवाल हैदरगंज मोहम्मद अरशद कोतवाल थाना तारुन अशोक कुमार यादव चौकी इंचार्ज गयासपुर मिथिलेश सिंह चौकी इंचार्ज रामपुर भगन अभिनंदन पांडे सहित भारी पुलिस फोर्स की देखरेख में शव को रामपुर भगन बाजार से मृतक के परिजन पुश्तैनी घर गूंथौर ले गए । जहां से मृतक का भारत कुंड में ले जाकर अंतिम संस्कार किया जाएगा । वही मौके पर मौजूद क्षेत्राधिकारी बीकापुर डॉ राजेश तिवारी ने बताया कि परिजनों सहित क्षेत्रीय लोगों का बड़ा सहयोग रहा पुलिस ने शिकायती पत्र पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया है आरोपी की धरपकड़ जारी है

# 63वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के नवीन मंडी स्थित शिविर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** अयोध्या। आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह के तहत शनिवार को 63वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के नवीन मंडी स्थित शिविर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बटालियन के कमांडेंट छोटेलाल ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि देश की स्वतंत्रता और गौरव की रक्षा के लिए जिन वीरों ने अपने प्राण बलिदान किए हैं, उनको आदर्श मानते हुए उनसे प्रेरणा लें। सभी को देश की एकता अखंडता बनाए रखने तथा देश में शांति की स्थापना के लिए कर्तव्य और दायित्व के पथ पर सजग एवं निष्ठावान रहकर कार्य करना है।उन्होंने कहा कि हम अपनी ड्यूटी निष्ठा तथा त्याग की भावना से करेंगे तो निश्चित ही भविष्य में एक उन्नत देश का निर्माण होगा तथा आने वाली पीढियों के लिए एक स्वर्णिम भविष्य सुनिश्चित हो सकेगा। इसके पूर्व मातृभूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिए बलिदान हुए वीरों को नमन किया गया तथा सभी ने पंचप्रण की शपथ ली। सीआरपीएफ की ओर से केंद्रीय निर्देश पर 9 अगस्त से 30 अगस्त तक मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी सरकार राजा रमन के अतिरिक्त अन्य अधिकारीगण, जवान, परिवार के सदस्य तथा आम जन उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### जामताड़ा महाविद्यालय में नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का होगा आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**जिला नियोजन पदाधिकारी विनोद कुमार द्वारा बताया गया की 14 अगस्त को जामताड़ा कॉलेज, जामताड़ा में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ऑन द स्पॉट इंटरव्यू मूल्यांकन और अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग का ऑफर (डेजिग्नेटिड और ऑपरेशन ट्रेड) दिया जाएगा। जिसकी योग्यंताएँ- पांचवी से बारहवीं पास एवं आईटीआई डिप्लोमा धारक व ग्रेजुएट हैं। इसके लिए बायोडाटा, योग्यता प्रमाण पत्र, मार्कशीट, पांचवी से 12वीं तक स्किल ट्रेनिंग सर्टिफिकेट, आईटीआई डिप्लोमा अंडर ग्रेजुएट और ग्रेजुएट बीए बीकॉम बीएससी इत्यादि, पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक दस्तावेज है। सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रजिस्ट्रेशन लिंक https://dgt.gov.in/appmela/ पर पंजीकृत करवा सकते हैं।

### सरबेदिया में मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण, लिया गया संकल्प



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला (जामताड़ा)/**मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत कास्ता सहित विभिन्न पंचायतों में वृक्षारोपण तथा संकल्प ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर सरबेदिया गांव में प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू, मुखिया मिनिसर मुर्मू , ग्राम प्रधान आदि जनप्रतिनिधियों के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया ।इस क्रम में पर्यावरण संतुलन के लिए सभी नागरिकों से पौधारोपण करने की अपील की गई। साथ ही एक मुट्ठी मिट्टी लेकर विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया गया। वहीं सामूहिक रूप से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर देश के प्रति समर्पित होकर पर्यावरण संरक्षण तथा देश भक्ति के प्रति समर्पण होकर क्षेत्र में देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख कलावती मुर्मू, मुखिया मिनिसर मुर्मू, सरबेदिया ग्राम के ग्राम प्रधान परिमल मंडल, मुर्मू,वार्ड सदस्य दीपक मंडल,राजीव कोड़ा,सीतामुनी मुर्मू,जाहिर मोल्ला, सेख आजू अहमद , पंचायत सचिव संजय कुमार, पंचायत सचिव चंदन ददराई, रोजगार सेवक स्वाधीन घोष, कनीय अभियंता रामजतन मुर्मु आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### राधा ग्लास मजदूर यूनियन के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न,राजेंद्र शर्मा ने शिवदास को 140मतों से हराकर अध्यक्ष पद का चुनाव जीता



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/** राधा गिलास मजदूर यूनियन के अध्यक्ष पद का चुनाव शनिवार को पूर्वान्ह 7 बजे से अपराहन 3 बजे तक राधा ग्लास मजदूर यूनियन के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ। वोटों की गिनती मतदान खत्म होने के बाद शाम 4 बजे किया गया। जिसमें कुल 473 मतदाता थे। कुल 448 मत पड़े। जिसमें राजेंद्र शर्मा उर्फ राजू को 294 मत मिले। जबकि दूसरे प्रत्याशी शिवा दास को 154 मत प्राप्त हुआ। इस प्रकार राजेंद्र शर्मा ने140 मतों से निर्वाचित घोषित किए गए हैं। वहीं पूर्व अध्यक्ष शिवा दास लगातार तीन वर्ष से अध्यक्ष पद पर थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष उम्मीदवार राजेंद्र शर्मा को राधा गिलास मजदूर यूनियन के सदस्यों ने माला पहना कर सम्मानित किया।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत किए जा रहे हाउस टू हाउस सर्वे कार्य का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने किया निरीक्षण

**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बागधरा स्थित मतदान केंद्र संख्या 215 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बागधरा स्थित मतदान केन्द्र संख्या 215 के पृष्ठ संख्या-04 का पन्ना वेरिफिकेशन किया गया।




उन्होंने मतदान केन्द्र के बीएलओ से जानकारी ली। मतदान केंद्र संख्या 215 की बीएलओ ने बताया कि इस मतदान केन्द्र अन्तर्गत कुल 142 घर है, जिसमें 649 मतदाता है। इनमें से 85 घर और 337 मतदाता का सत्यापन कर लिया गया है। सत्यापन के दौरान नये मतदाता का नाम जोड़ने के लिए कुल 18 फार्म - 6, मतदाता का नाम हटाने के लिए कुल -1 फार्म-7 प्राप्त हुआ। खराब गुणवत्ता वाला फोटो एवं ब्लैक एंड व्हाइट फोटो के रिप्लेसमेंट हेतु कुल 23 फार्म प्राप्त हुआ, जिसमें 11 फॉर्म को रंगीन फोटो से रिप्लेस किया गया।

उन्होंने संबंधित बीएलओ को निर्धारित समय सीमा के अन्दर हाउस टू हाउस सर्वे कार्य को पूरा करने का निदेश दिया गया। वहीं इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्र के अंतर्गत आने वाले टोलों में जाकर कई मतदाताओं से बात चीत कर उन्हें इस अभियान के बारे में बताया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता पुनरीक्षण 2024 का काम शुरू है। इसके तहत 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की उम्र वाले नए वोटरों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। पुराने वोटरों का नाम पता सहित अन्य त्रुटियों का सुधार व बूथ परिवर्तन तथा मृत वोटरों के नाम हटाने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने सभी स्तरों पर विशेष सावधानी के साथ पुनरीक्षण कार्य को किए जाने की आवश्यकता बताते हुए सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।उन्होंने विगत माह से दिनांक 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बीएलओ अपने मतदान केंद्रों में घर घर जाकर नए और पुराने वोटरों के नाम व पता का सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी, जामताड़ा मनोज कुमार, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी संतोष कुमार, बीएलओ सुपरवाइजर श्री नारायण पंडित सहित संबंधित बीएलओ आदि उपस्थित थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बागधरा में उपायुक्त ने पठन पाठन का लिया जायजा, क्लासरूम जाकर बच्चों से किया सवाल जवाब

**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**शनिवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा शशि भूषण मेहरा ने जिला अंतर्गत सदर जामताड़ा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायजा लिया एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम जिला के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बागधरा स्थित बूथ संख्या 215 का निरीक्षण कर पन्ना वेरिफिकेशन का अवलोकन किया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने पूरे विद्यालय में घूम घूम कर पठन पाठन, शिक्षकों की उपस्थिति,मध्याह्न भोजन, साफ सफाई, शौचालय, पानी एवं बिजली आदि सुविधाओं का जायजा लिया एवं संबंधित को गुणवत्ता पूर्ण



शिक्षा देने सहित कई बिंदुओं पर उचित दिशा निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने विद्यालय निरीक्षण के क्रम में क्लासरूम जाकर बच्चों से उनकी पढ़ाई लिखाई एवं विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई।साथ ही उपायुक्त ने इस दौरान बच्चों से कई रोचक प्रश्न पूछे एवं उसका जवाब भी बताया। उपायुक्त से मिलकर सभी बच्चे काफी प्रसन्न दिखे।उपायुक्त ने बेवा पंचायत के तहत बिरसा आम बागवानी योजना पानी रोको पौधा रोपो अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान अन्य पदाधिकारियों ने भी पौधा रोपण किया। वहीं योजना के निरीक्षण के क्रम उपायुक्त ने सम्बन्धित पदाधिकारी को बेहतर कार्यान्वयन एवं किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा ससमय योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया।मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी,जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जहीर आलम, अंचल अधिकारी मनोज कुमार सहित पदाधिकारी एवं कर्मी आदि उपस्थित थे।

## एसडीओ के नेतृत्व में "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के तहत मधुपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**नगर परिषद मधुपुर द्वारा प्रशासक सह अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल के नेतृत्व में ÷मेरी माटी मेरा देश÷ अभियान के तहत देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को नमन करने व सम्मान देने के लिए शिवसागर तालाब,लालगढ़, मधुपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उन वीरों को याद करने एवं उनका नमन करने के लिए एक शीलाफलकम स्थापित किया गया एवं पुष्प अर्पण किए गए। इस कार्यक्रम में वीरों का वंदन के तहत मधुपुर के स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चुन्नी लाल ततवा की धर्मपत्नी मनोरमा देवी को अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा शॉल ओढ़ाकर एवं पौधा देखकर सम्मानित किया गया। वसुधा वंदन में पेड़ लगाए गए। अमृत वाटिका तैयार किया गया, तिरंगा झंडा फहराया गया एवं राष्ट्रगान गाया गया। वीरों के याद में देश की माटी को नमन करते हुए



उसे अमृत कलश में स्थापित किया गया एवं आम जनों द्वारा सेल्फी ली गई। विदित हो कि केंद्र सरकार द्वारा ÷मेरी माटी मेरा देश÷ अभियान की परिकल्पना ÷आजादी का अमृत महोत्सव÷ के समापन कार्यक्रम के रूप में की गई है। इसमें स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समारोह आयोजित करके देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि एवं सम्मान देना शामिल है। इस कार्यक्रम में नगर प्रबंधक विश्वनाथ भगत, सहायक अभियंता कृपा शंकर, बड़ा बाबू ओम झा, कनिया अभियंता दिलीप कुमार, नगर मिशन प्रबंधक विजय कुमार,सोनू कुमार,भूपेंद्र भगत,मिथुन रवानी, संजय कुमार, मनीष रावत, सदानंद राउत, अशफाक अंसार, संगीता देवी,विकास कुमार एवं स्थानीय लोग शामिल थे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन को ले किया गया जागरूक



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/**परिवार स्वास्थ्य मेला की सफलता को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल प्रांगण में नुक्कड़ नाटक का आयोजन अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद की उपस्थिति में किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया कि परिवार नियोजन अपनाने से ही सुखी और स्वस्थ परिवार होता है। उपाधीक्षक ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में हम यह संकल्प लें कि परिवार नियोजन को बनाएंगे, खुशियों का विकल्प। परिवार नियोजन का अपनाओ उपाय, लिखो तरक्की का नया अध्याय। नाटक के माध्यम से परिवार नियोजन के नए और आसान तरीकों को बताया गया, वहीं बताया कि अस्पताल में परिवार नियोजन की अस्थाई और स्थाई विधियां बिल्कुल ही निशुल्क उपलब्ध है। महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा है ।साथ ही लाभार्थी को प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। अस्थाई विधि में माला एन, छाया, अंतरा,कापर टी,पीपीआईयूसीडी आदि निशुल्क अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्रों में दिया जा रहा है। मौके पर दामोदर वर्मा, अजय कुमार दास , विकेश कुमार, शोएब आलम समेत नुक्कड़ नाटक मंचन के सदस्य,सहयोगीकर्मी समेत सहिया साथी और सहिया मौजूद थे।

### "हर घर तिरंगा" अभियान कार्यक्रम के आधिकारिक वेबसाइट पर तिरंगा झंडा के साथ में सेल्फी अपलोड करने हेतु उपायुक्त ने किया अपील



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**शनिवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा शशि भूषण मेहरा ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के अवसर पर जामताड़ा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी घरों सहित सभी जिला, प्रखण्ड, पंचायत, क्षेत्र स्तरीय कार्यालयों, सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया कि सभी लोग अपने अपने घरों में सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज को अवश्य फहराएं एवं इस अभियान को सफल बनाएं ।वहीं उपायुक्त ने आगे अपील करते हुए कहा कि इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के आधिकारिक वेबसाइट https://amritmahotsav.nic.in पर झंडे के साथ में एक सेल्फी लेकर अपलोड कर राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं देशभक्ति प्रकट करने हेतु इसे जरूर अपलोड करें साथ ही अपने स्तर से अन्य लोगों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। वहीं सोशल मीडिया अकाउंट पर दिनांक 13 अगस्त 2023 को ïसैल्फी विथ तिरंगा, दिनांक 14 अगस्त को ï हर दिल तिरंगा एवं दिनांक 15 अगस्त को ïहर घर तिरंगा हैश टैग से प्रचार प्रसार करने हेतु उन्होंने सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सबसे पहले गूगल सर्च में जाकर हर घर तिरंगा अभियान के आधिकारिक वेबसाइट https://amritmahotsav.nic.in टाइप कर सर्च करें अथवा पेज ओपन होने पर स्क्रॉल कर नीचे अपलोड सेल्फी वीथ तिरंगा पर क्लिक करें।इसके पश्चात तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी को अपलोड करें एवं सर्टिफिकेट को डाउनलोड करें।


### एसपी मनोज स्वर्गियारी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**एसपी कार्यालय में शनिवार को एसपी मनोज स्वर्गियारी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान एसपी ने जुलाई माह में किये गये कार्यों की समीक्षा की। इसके उपरांत सभी थाना प्रभारी को लंबित कांडों का निष्पादन करने को कहा। वहीं लंबित वारंट के निष्पादन को लेकर छापेमारी अभियान चलाने, अवैध खनन, अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. थाना में आने वाले आवेदनकर्ता, आमजनों के समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने को कहा. थाना क्षेत्र में अपराधों के नियंत्रण, क्षेत्र में लगातार गश्ती करने का निर्देश दिया. इसके अलावे स्वतंत्रता दिवस को लेकर क्षेत्र में विशेष सर्तकता बरतने को कहा. मौके पर एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज, साइबर डीएसपी मजरूल होदा, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, थाना प्रभारी अब्दुल रहमान, दिलिप कुमार, नागेश्वर साव सहित अन्य थे.

### खानकाह-ए-पीर शाह दमड़िया के सज्जादानशीं सैयद शाह फकरे आलम हसन बने एसपायरिंग शूटर

**भागलपुर** ¬ सीवान में आयोजित बिहार स्टेट शुटिंग चैंपियनशिप कंपटीशन में देश भर में चर्चित भागलपुर के खानकाह-ए-पीर शाह दमड़िया के सज्जादानशीं सह नेशनल राईफल एशोसिएसन ऑफ इंडिया एवं मुंगेर राईफल एशोसिएसन के आजीवन सदस्य सैयद शाह फकरे आलम हसन न केवल शामिल हुए बल्कि उन्होंने भागलपुर सहित पूरे अंग प्रदेश का नाम रौशन कर उनके मान-सम्मान को बढ़ाने का काम किया।

शुक्रवार को आयोजित इस प्रतियोगिता के तहत रिवाल्वर-पिस्टल की शुटिंग खासकर राईफल शुटिंग 50 मीटर दोनों में सैयद हसन ने बेहतरीन अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया इस मौके पर सैयद शाह फकरे आलम हसन ने कहा कि उनके लिए यह क्षण बेहद खुशी का है और भागलपुर के लिए यह गौरव की बात है कि उन्हें बिहार स्टेट शुटिंग चैंपियनशिप कंपटीशन भाग लेने का न केवल अवसर मिला



बल्कि उन्होंने इस कंपटीशन में एक कीर्तिमान स्थापित कर भागलपुर के मान-सम्मान को बरकरार रखने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने खुदा का शुक्र अदा करते हुए कहा कि उन्हें ऐसे कंपटीशन में अपने हुनर को प्रदर्शित करने का मौका मिला। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भी होने वाले ऐसे कंपटीशन में शामिल होने हेतू प्रैक्टिस करने की बात कही और बताया कि निश्चित रुप से वे ऐसे प्रतियोगितिआगे भी में बेहतरीन प्रदर्शन कर भागलपुर के लिए सम्मानजनक मैडल लाएंगे। सैयद हसन ने आयोजित प्रतियोगिता की सराहना करते हुए मुंगेर राईफल एशोसिएसन व आयोजन के सभी सदस्यों द्वारा प्रतियोगिता के दौरान किये गए इन्तजामों की तारीफ की और कहा कि कार्यक्रम की कामयाबी सच्ची मेहनत और सच्ची लगन का ही यह सुखद परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनियां को मुट्ठी में कर लोग मोबाईल ऐसे यंत्र में खोई हुई है,ऐसे में लोगों को ऐसे गेम्स व स्पोर्ट्स की तरफ जागरुक करने का काम तारीफे काबिल है,जहां से वह इंडियन आर्मी व पुलिस में भर्ती होकर देश की सेवा में खूद को समर्पित कर सकते हैं।

**गिरफ्तार** जियनपुर गांव से तीन साइबर आरोपियों को गिरफ्तार

## साइबर पुलिस तीन साइबर अपराधी को रंगे हाथ दबोचा

**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/** साइबर थाना की पुलिस ने करमाटांड़ थाना क्षेत्र के जियनपुर गांव से तीन साइबर आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए साइबर डीएसपी मजरूल होदा ने कहा कि करमाटांड़ थाना क्षेत्र के जियनपुर गांव से तीन साइबर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसमें करमाटांड़ थाना क्षेत्र के जियनपुर गांव के आनंद मंडल, सुखलटांड़ गांव के मनोज मंडल व देवघर जिले के मारगोमुंडा थाना क्षेत्र के केंदुवाटांड़ गांव के दिनेश मंडल शामिल है। इन सभी के पास से 8 मोबाइल व 11 सिम कार्ड बरामद किया है। ये तीनों साइबर आरोपी एक साथ जियनपुर में साइबर ठगी जैसे



घटना का अंजाम दे रहा था। इसी बीच सभी आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। बताया कि सुखलटांड़ गांव के मनोज मंडल साइबर ठगी के आरोप में डेढ़ माह से साइबराबाद जेल में बंद था। वे नौ दिन पूर्व जमानत पर घर आया था और फिर से साइबर की ठगी में शामिल हो गया था। उन्हें साइबराबाद पुलिस ने धोखाधड़ी के कुल 6 मामले में रिमांड पर लिया था। मनोज मंडल सुखलटांड़ गांव में साइबर ठगी के पैसे से अलिशान घर भी बनाया है व अवैध संपत्ति अर्चित किया है। मनोज साइबर ठगी का मास्टर माइंड बताया जा रहा है। ये सभी गुजरात, महाराष्ट्र, हैदराबाद, सइबराबाद के लोगों को ठगी का शिकार बनाता था। सभी ठगी के दौरान हिंदी भाषा का ही प्रयोग करता था और एनीडेस्क, टीम व्हीवर के माध्यम से लिंक भेज कर लोगों के साथ धोखाधड़ी करता था। इन सभी को साइबर थाना में मामला दर्ज कर मंडल कारा जामताड़ा भेज दिया। मौके पर साइबर थाना प्रभारी मनोज कुमार, इंस्पेक्टर विश्वनाथ सिंह, एसआई नागेश्वर साव आदि थे।

### दो शव बरामद होने के बाद पालीगंज इलाके में फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**पालीगंज संवाददाता** पालीगंज/ शनिवार की सुबह थाना से महज कुछ ही दूरी पर स्थित शिवमन्दिर परिसर से संदिग्ध अवस्था मे एक अधेड़ ब्यक्ति का शव बरामद हुई है। वही थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के बधार स्थित एक खेत से एक युवक की शव सन्दीवध अवस्था मे बरामद हुई है। इस प्रकार पालीगंज थाना क्षेत्र के दो अलग जगहों से से दो शव बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फ़ैली हुई है। वही पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुटी है।



जानकारी के अनुसार पालीगंज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के पूर्व बधार में कुछ ग्रामीण शनिवार की सुबह गया था। जहां उन ग्रामीणों की नजर खेत मे पड़े एक युवक की शव पर पड़ी। शव की पहचान कल्याणपुर गांव निवासी श्रीनिवास शर्मा के 17 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई। जिसके शरीर पर चाकू मारने तथा गला पर गला दबाकर हत्या करने का निशान था। जिसे देख ऐसा प्रतीत हो रहा था कि सौरभ की हत्या की गयी है। वही शव मिलने को सूचना पाकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वही मौके पर पहुंचे परिजनों का हाल रो रोकर बेहाल हो गया। जबकि शव मिलने को सूचना पाकर मौके पर पहुंची पालीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स अस्पताल पटना भेज दिया। वहीं दूसरी घटना में पालीगंज बाजार के चंढोस मोड़ स्थित शिव मंदिर परिसर की है। जहां शनिवार की सुबह किसी कार्य से गए कुछ लोगो की नजर सँगढ़ अवस्था मे पड़ी एक अधेड़ ब्यक्ति की शव पर पड़ी।

## ख़ास ख़बर

# पिता ई0रमेश बर्मा की पुण्य स्मृति पर बेटी डॉक्टर इशा रमेश ने किया भोजन सामग्री का वितरण



**मोतिहारी 12 अगस्त अशोक वर्मा** नगर के चांदवारी चौक निवासी ई0 रमेश वर्मा कीपुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर इकलौती पुत्री डॉक्टर इशा वर्मा ने आम जरूरतमंदों के बीच भोजन सामग्री का वितरण किया। काफी संख्या में लोग वहां पधारे थे। चावल दाल आदि के पैकेट के अलावां बच्चों के बीच भरपूर बिस्किट का वितरण किया गया।

सामग्री वितरण करने के बाद डॉक्टर इशा वर्मा ने कहा कि मेरे जीवन के आदर्श मेरे पिता रहे हैं उनकी बदौलत मै आज डॉक्टर के रूप में अपनी सेवा दे रही हूं। पिता से मुझे जो शक्ति मिली वही मेरा आधार स्तंभ है और आज दुनिया के अनेक झंझावतो को झेलते हुये मैं अपने मिशन पर आगे बढ़ रही हूं। निश्चित रूप से मेरे मां पिता का हीं आशीर्वाद मेरे सिर पर है। उन्होंने यह भी कहा कि पुण्यतिथि दिवस पर भोजन सामग्री वितरण का जो सिलसिला शुरू किया गया है वह सिलसिला प्रति वर्ष जारी रहेगा इसमें मुझे आत्म संतुष्टि मिलती है ।उन्होंने कहा कि अपने पिता के बताए मार्ग पर चलने का प्रयास जीवन भर करूंगी।

# किशनगंज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित।



**किशनगंज, 12 अगस्त। (अली रजा)** जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक जिला पदाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न हुई। बैठक में अनियमित मॉनसून को देखते हुए वर्तमान में हो रही वर्षापात एवम धान की रोपनी की स्थिति, डीजल अनुदान, खाद की उपलब्धता, खाद विशेषकर यूरिया का निर्धारित मूल्य पर बिक्री , कृषि फीडर में 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति ,नलकूप की मरम्मती सहित पीएम किसान सम्मान निधि योजना,पशुपालन एवम डेयरी से संबंधित योजना आदि को लेकर जिलाधिकारी द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में वर्तमान में हो रही वर्षा और कृषि योग्य सभी स्थितियों पर नजर रखी जा रही है। सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें।

बैठक में बताया गया कि किशनगंज जिले के अंतर्गत धान की रोपनी 85 हजार हेक्टेयर भूमि पर हो चुकी है। लगभग शत प्रतिशत आच्छादन पूरा हो चुका है।

लगातार अच्छी वर्षा से धान की स्थिति सम्मान्य हो रही हैं।

डीएम ने समीक्षा के क्रम में बताया कि किशनगंज जिला में उर्वरक की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में हैं।उन्होंने उर्वरक की अवैध बिक्री/परिवहन पर छापामारी का निर्देश दिया। इस पर उर्वरक की कालाबाजारी न हो,स्थानीय किसान को पर्याप्त मात्रा में खाद मिल सके।

प्रत्येक हफ्ता में दो छापामारी जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा तथा प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवम कृषि समन्वयक के द्वारा प्रत्येक सप्ताह 5 छापामारी करने का निर्देश दिया गया

बैठक में बताया गया कि अबतक कुल 157 छापामारी हो चुकी है। जिसमें से 19 पर अनियमितता, 1 पर प्राथमिकी और 7 का निलंबन कर अन्य संलिप्त शेष लोगो से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

बैठक में बताया गया कि डीजल अनुदान के लिए लगभग 101 आवेदनों में से 17 किसानो को आवेदन का लाभ दिया गया।

उक्त बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण व जल निस्सरन ,कार्यपालक अभियंता विधुत,कार्यपालक अभियंता लघु जल संसाधन को आवश्यक निर्देश दिए गए ।

# जिलाधिकारी ने कैमूर में निजी अस्पतालों की जांच पड़ताल करने और एंबुलेंस सेवा को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया



**भभुआ कैमुर शुभ भास्कर** शनिवार 12 अगस्त को स्वास्थ्य विभाग के साथ जिलाधिकारी कैमूर सावन कुमार ने जिला समाहरणालय में मासिक समीक्षात्मक बैठक की। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के सभी बिंदुओं पर क्रमवार जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा समीक्षा की गई। उक्त बैठक में टिकाकरण, ह्णद्बह्ह पोर्टल, टीबी उन्मूलन, परिवार नियोजन, पोषण पुनर्वास केंद्र, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। रामगढ़, चांद और अधौरा प्रखंड का कार्य कई इंडिकेटर में संतोषजनक पाया गया। वहीं परिवार नियोजन से संबंधी उपलब्धि के मामले में अधौरा, नुआंव, रामपुर और चैनपुर के ऋल्ह्ष्ट॥ काउंसलर से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। ञ्जद्दद्दष्ठ्ठह्यहह्वह्लड्डह्वश्ठ्ठ में कम उपलब्धि के मामले में जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर नियुक्त कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का इनसेंटिव काटा जाए। जननी बाल सुरक्षा योजना में लाभार्थीयों के भुगतान पर दुर्गावती प्रखंड को तत्काल पूर्ण भुगतान का निर्देश दिया गया। समीक्षात्मक बैठक के दौरान ह्णद्बह्ह पोर्टल पर मातृ और शिशु सम्बन्धी टीकाकरण का इंट्री शत प्रतिशत ऑनलाइन सेवा देने के 24 घंटे के अंदर पूर्ण करना है। जिसको लेकर रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संस्थान पर कार्यरत तीन एएनएम को सस्पेंड करने का आदेश प्राप्त हुआ है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कैमूर में निजी अस्पतालों की जांच पड़ताल करने और एंबुलेंस सेवा को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। आशा कार्यकर्ताओ की हड़ताल को ध्यान में रखते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से आवश्यक सहयोग लेने की बात कही और संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर दिया। इस बैठक में सिविल सर्जन डॉ मीना कुमारी, डॉक्टर आरके चौधरी जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, डॉक्टर राजनारायण प्रसाद, ऋषिकेश जायसवाल जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक पीयूष उपाध्याय, जिला अनुश्रवण पदाधिकारी मधुसूदन कुमार, जिला गुणवता कंसल्टेंट डॉक्टर अभिनंदन पांडे सहित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबन्धक, प्रखंड लेखापाल, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, ऋल्ह्ष्ट॥ काउंसलर और ऋद्ब नोडल आदि उपस्थित थे।

## बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं सरकारी शिक्षक, समय से नहीं पहुंचते विद्यालय




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता**

**भभुआ** (कैमूर) भभुआ बहुवन पंचायत अंतर्गत न्यू प्राथमिक विद्यालय पंनगईया विद्यालय के 6 शिक्षक समय से नहीं आते पढ़ाने, ग्रामीणों ने लगाया आरोप विद्यालय में पढ़ाई के साथ पानी का भी समस्या। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि विद्यालय में 11꞉00 बजे शिक्षक पढ़ाने आते हैं और दोपहर 2꞉00 बजे विद्यालय बंद कर घर चले जाते हैं और प्रधानाध्यापक का रवैया बच्चों के साथ सही नहीं है विद्यालय के शिक्षक बच्चों के साथ बदतमीजी से पेश आते हैं पानी पीने के लिए बच्चों को 200 मीटर दूर जाकर पानी पीना पड़ता है।

## भभुआ रोड पर ट्रेन से कटकर दो व्यक्तियों की गई जान



**भभुआ कैमुर** भभुआ रोड के नाम से विख्यात कैमूर के मोहनिया में आज दो लोगों का ट्रेन से कटकर मृत्यु हो गई जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक पर दो युवक की शव बरामद हुई

मृतकों की पहचान कोचस के भगीरथा निवासी कमला यादव के पुत्र अमित कुमार (उम्र 25 वर्ष),सत्येन्द्र सिंह के पुत्र सचिन कुमार (उम्र 18वर्ष)के रूप में हुई है शव क्षत-विक्षत हालत पुलिस ने बरामद की। संभावना जतायी जा रही है कि युवकों की मौत ट्रेन की चपेट में आ आने से हुई होगी। जीआरपी पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया। दोनों घर से जोधपुर किसी प्राइवेट लिमिटेड में काम करने के लिए जा रहे थे।

# एमएस कॉलेज परिसर में प्राचार्य डॉक्टर प्रोफ़ेसर अरुण कुमार के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटों ने लगाए 170 पौधे





मोतिहारी 12 अगस्त अशोक वर्मा मुंशी सिंह महाविद्यालय परिसर में जल,जंगल और हरियाली योजना के तहत कुल 170 पौधों का रोपन किया गया।वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए पौधों को एन.सी.सी.कैडेटों द्वारा व्यापक पैमाने पर रोपा गया।पौधे उपलब्ध कराने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.)अरुण कुमार ने डी. एफ. ओ.मोतिहारी और फॉरेस्टर मोतिहारी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है।मौके पर एन.सी.सी.ऑफिसर लेफ्टिनेंट (डा.)नरेंद्र सिंह और प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र के समन्वयक प्रो.अमरजीत कुमार चौबे,सुरक्षा पदाधिकारी सूबेदार प्रदीप दूबे,सुरक्षाकर्मी रणधीर कुमार,बालकरन सिंह और संतोष कुमार मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो युवक की मौत



शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर।पंडित दीनदयाल गया रेलखंड पर भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के समीप डीएफसीसी रेलवे ट्रेक पर शनिवार की सुबह एक ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही दो युवक का दर्दनाक मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह पंडित दीनदयाल गया रेलखंड पर भभुआ रोड स्टेशन के समीप डीएफसीसी रेलवे ट्रेक पर एक ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों का दर्दनाक मौत हो गई मृतक दिनारा थाना अंतर्गत भागीरथा गांव निवासी कमल यादव के पुत्र अमित यादव एवं सत्येंद्र सिंह के पुत्र सचिन कुमार के रूप में पहचान हुई है मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस द्वारा दोनों शव को अपने कब्जे में कर कागजी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया जीआरपी थाना प्रभारी सुरेंद्र राय ने बताया की मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## मणिपुर के इंफाल में ड्यूटी के दौरान सीआरपी जवान हुआ बीमार, 26 दिनों तक इलाज में रहने के बाद हुई मौत, शव के गांव पहुंचते ही ग्रामीणों की उमड़ी भीड़



**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो चीफ रूपेश मिश्रा.** मणिपुर में हो रहे दंगा को रोकने के लिए सरकार की ओर से सीआरपी जवानों को वहां भेजा गया था। इसी दौरान मनिहारी थाना क्षेत्र के गोवागाछी निवासी रिपुसूदन सिंह जो सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। उन्हें भी अपनी टीम के साथ मणिपुर के इंफाल भेजा गया था। 26 दिन पूर्व जंगल में ड्यूटी के दौरान वह बीमार हो गए। जिसका इलाज इंफाल में ही चल रहा था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जहां उनके शव को शुक्रवार की देर रात उनके गांव लाया गया। जहां उनके परिजनों के साथ वहां के ग्रामीण भी काफी मर्माहत थे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। सीआरपीएफ जवान के शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ काफी उमड़ पड़ी थी। मृतक जवान के पुत्र मुनमुन सिंह ने बताया कि मणिपुर में हो रहे दंगे को रोकने के लिए उनके पिता को इंफाल भेजा गया था। इस दौरान उनकी ड्यूटी जंगलों में लगी थी। जहां वह बीमार हो गए थे। जिसके बारे में उन्होंने फोन पर इसकी जानकारी दी थी। जानकारी मिलते ही घर के सभी सदस्यों ने कहा कि वह वहां से गांव चले आए। लेकिन इस दौरान वह काफी बीमार हो गए और चलने फिरने में भी असमर्थ थे। जिसका इलाज वहां चल रहा था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके पिता का शव को हवाई जहाज के द्वारा बागडोगरा एयरपोर्ट भेजा गया। बागडोगरा से सड़क मार्ग होते हुए देर रात उनके पिता का शव गांव पहुंचा था। शनिवार को मनिहारी गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दौरान गांव के ग्रामीण व समाजसेवी के द्वारा इस घटना को काफी दुखद बताया।

# दलित उत्थान कार्यक्रम अंतर्गत बाल अधिकार संरक्षण कार्यशाला आयोजित



➲कार्यशाला में स्कूली बच्चों में नेतृत्व क्षमता के विकास पर विशेष बल दिया गया और छात्र छात्राओं को नियमित विद्यालय जाने हेतु अभी प्रेरित किया गया ।

मोतिहारी 12 अगस्त शिवपूजन चिरैया प्रखंड क्षेत्र के कठकुईया टोला भिनक सिंह गंवा में राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान एवं राष्ट्रीय दलित न्याय आंदोलन के तत्वावधान में ÷बाल अधिकार संरक्षण कार्यशाला÷ का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम वर्ग से इंटर तक के सौ से अधिक स्कूली छात्रा छात्राओं एवं अभिभावकों ने भाग लिया । कार्यशाला में स्कूली बच्चों में नेतृत्व क्षमता के विकास पर विशेष बल दिया गया और छात्र छात्राओं को नियमित विद्यालय जाने हेतु अभी प्रेरित किया गया । मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राष्ट्रीय मानवाधिकार अभियान के प्रदेश महासचिव विद्यानंद राम द्वारा बाल अधिकार संरक्षण कानून , आरटीई के नियम ,अभिवंचत वर्ग के विद्यार्थियों के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के बारे में बताया गया तथा छात्र छात्राओं के अनावश्यक मोबाइल के इस्तेमाल पर रोक लगाने की अपील अभिभावकों से की । कार्यक्रम का संचालन सीआरसी संचालक आलोक कुमार ने किया तथा अध्यक्षता वार्ड सदस्य यशवंत कुमार राम ने की। उक्त अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एनसीडीएचआर के जिला सचिव जगजीत राम , मीना देवी , प्रतिमा देवी , राजेंद्र राम शिक्षक आदि ने भी शिक्षा के महत्व को बताया और छात्र छराओ को नियमित स्कूल जाने के लिए अभिप्रेरित किया

**बैठक** इस कार्य में सहयोग करेगें और शिक्षक विद्यालय में अपने स्तर से करेंगे

# विकास कुमार पांडे ने बताया कि बच्चों के विकास में शिक्षकों के साथ अभिभावकों की भूमिका महत्वपूर्ण है




**भभुआ चांद शुभ भास्करचांद.मानव भारती हेरीटेज** स्कूल चांद में शिक्षक अभिभावक बैठक की गई. जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विकास कुमार पांडे ने किया एवं संचालन गोविंद प्रसाद ने किया. विस्तार से चर्चा करते हुए मानव भारती हेरीटेज स्कूल चांद के प्राचार्य विकास कुमार पांडे ने बताया कि बच्चों के विकास में शिक्षकों के साथ अभिभावकों की भूमिका महत्वपूर्ण है. विद्यालय और शिक्षक के साथ ही साथ सभी अभिभावक अपने बच्चों का घर पर भी देख भाल करे और उनके होमवर्क बनाने तथा अन्य कार्यों का मूल्यांकन करें.घर पर जब उसकी देख भाल अभिभावक भी इस कार्य में सहयोग करेगें और शिक्षक विद्यालय में अपने स्तर से करेंगे तभी मिलकर बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है .बारी बारी से कई अभिभावकों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए और कहा कि हम लोग अपने स्तर से भी घर पर देखभाल तथा पठन पाठन में सहयोग करेगें.इस संबंध में मानव भारती हेरीटेज स्कूल चांद के प्राचार्य विकास कुमार पांडे ने बताया कि प्रत्येक अभिभावक बच्चों के सर्वांगीण विकास में अध्यापकों के साथ मिलकर प्रयास करें. शिक्षक अभिभावक गोष्ठी आपसी विचार एवं सुझाव को मूर्त रूप देने का एक प्रयास है. विद्यालय समय-समय पर अभिभावकों से सुझाव एवं मार्गदर्शन लेते रहता है ताकि छात्रों में रचनात्मक कौशल एवं सामाजिक मूल्यों का विकास किया जा सके. मौके पर मनोज गुप्ता राजेश कुमार सुभाष सिंह अंजू वर्मा सुनील सिंह कुंदन सिंह रागिनी सिंह सहित काफी संख्या में अभिभावक गण मौजूद थे.

# निजी मकान में अवैध रूप से राजस्व कर्मचारियों द्वारा संचालित निजी कार्यालय पर छापेमारी



➲छापेमारी के दौरान दाख़िल ख़ारिज, जमाबंदी, परिमार्जन तथा भू बंदोबस्त संबंधित गोपनीय दस्तावेज़ पकड़े गए।

➲प्राप्त दस्तावेज़ को सील करते हुए दोनों कर्मचारियों एवं एक निजी ऑपरेटर को थाना को सौंप दिया गया एवं प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया।

**भभुआ कैमुर/ शुभ भास्कर** 12/08/2023 को जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर राजेंद्र सरोवर के पास गुलज़ार वाटिका के बग़ल में एक निजी मकान में अवैध रूप से राजस्व कर्मचारियों द्वारा संचालित निजी कार्यालय पर छापेमारी की गई। इस छापेमारी के दौरान मोहम्मद इमरान राजस्व कर्मचारी अखलासपुर, लाल बाबू राजस्व कर्मचारी जागेबराव एवं कृष्ण मुरारी निजी ऑपरेटर को पकड़ा गया। छापेमारी के दौरान दाख़िल ख़ारिज, जमाबंदी, परिमार्जन तथा भू बंदोबस्त संबंधित गोपनीय दस्तावेज़ पकड़े गए।

प्राप्त दस्तावेज़ को सील करते हुए दोनों कर्मचारियों एवं एक निजी ऑपरेटर को थाना को सौंप दिया गया एवं प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया।

अंचलाधिकारी के मिलीभगत से राजस्व कर्मचारी द्वारा निजी कार्यालय संचालन के लिए अंचलाधिकारी पर विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। हालांकि हर जगह का यही हाल है। हर जगह हल्का कर्मचारी के द्वारा एक निजी आदमी को रखा जा रहा है ताकि दलाली की बात वह स्वयं से न करके अपने द्वारा रखे गए दलाल के माध्यम से दलाली करवा सके।

और यदि क्रमबद्ध सभी अंचलाधिकारी के ऊपर एवं उनके हल्का कर्मचारियों पर नजर रखी जाए तो हर प्रखंड में प्राइवेट ऑपरेटर हर कर्मचारियों के पास काम करते हुए नजर आ जाएंगे खास बात यह है कि जिलाधिकारी के द्वारा पकड़ में आ जाने पर सभी प्राइवेट कर्मचारी को हटा दिया जाएगा एवं कुछ दिन के बाद मामला ठंड पड़ने पर फिर से वही दोहरा चरित्र अपना लिया जाएगा

## ख़ास ख़बर

## "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम का किया जा रहा आयोजन



**चंदौली**/दिन शुक्रवार को "आजादी के अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत देश भक्तों को नमन करने और उनकी स्मृतियों को हृदय में सजोने वह उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा ग्रहण करने,युवाओं को उनके बलिदान एवं देश भक्ति के बारे में बताने,हर वर्ग व हर समुदाय को अपने राष्ट्र के प्रति कृति संकल्पित करने के लिए पूरे देश में "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम मे जनपद चंदौली में शुक्रवार को तीसरे दिन जनपद के सभी प्राथमिक विद्यालयो पर वीरों की गाथा से संबंधित कहानियों का वाचन राष्ट्रभक्ति गीतों तथा जनपद के सभी राशन की दुकानों पर पोस्टर,बैनर के माध्यम से मनाया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन अधिकारियों,कर्मचारियों, अध्यापकों छात्र-छात्राओं के साथ,उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सभी जिला पूर्ति अधिकारी,खण्ड विकास अधिकारी सभी विद्यालय के अध्यापक छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

## लोक अदालत के संबंध में बैंक अधिकारियों के साथ हुई बैठक



**चंदौली/** माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली सुनील कुमार चतुर्थ के आदेशानुसार श्रीमान अपर जनपद न्यायाधीश/पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली,ज्ञान प्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग हाल जनपद न्यायालय चंदौली में दिनांक 09.09. 2023 दिन शनिवार को होने वाली राष्टीय लोक अदालत के संबंध में बैंक अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई।जिसमें समस्त बैंक के शाखा प्रबंधक व एल डी एम उपस्थित रहे।उक्त बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश/ पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञान प्रकाश शुक्ल द्वारा समस्त बैंक के शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि बैंक में चल रहे ऋष्टा खातों में अधिक से अधिक नोटिस का तामिला करा कर एवम वसूली कर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जाए।

## शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो,सिर्फ औपचारिकता न बने थाना दिवस- जिलाधिकारी





**चंदौली** से है जहां जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने थाना दिवस के अवसर पर सैयदराजा थाने में फरियाद लेकर आए लोगों की जनसुनवाई की।सुनवाई के दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों द्वारा दी गई अर्जी/शिकायतों को ध्यान से पढ़े,मामले की वास्तविकता जानें और फिर उसके अनुसार निस्तारण कराएं।जिलाधिकारी द्वारा सुनवाई के दौरान जन शिकायत रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया गया।भू राजस्व से संबंधित मामलों में उन्होंने हिदायत दिया कि लेखपालों द्वारा अधिकांश मामलों में कोर्ट जाने की नसीहत देने के बजाय उन मामलों का वास्तविक रूप से निस्तारण कराया जाए।जिलाधिकारी ने सुनवाई के दौरान अनुपस्थित लेखपाल धर्मेंद्र यादव को शो काज जारी करने का निर्देश दिया।उन्होंने निर्देशित किया कि तहसीलदार से लेखपालों की लिस्ट मंगा कर उनका रोस्टर जारी किया जाय और सुनवाई के दौरान लेखपाल उपस्थित अवश्य रहें।जिलाधिकारी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को सही फार्मेट पर रजिस्टर मेंटेन करने की हिदायत देते हुए कहा कि थाना दिवस मात्र औपचारिकता बन कर न रहे बल्कि शासन की मंशानुरूप समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए।

## युवक ने गंगा में लगायी छलांग, पुलिस मौके पर पहुँची



**चहनियां।**चंदौली बलुआ थाना क्षेत्र के पलिया का रहने वाला 33 वर्सीय युवक कन्हैया यादव शनिवार की दोपहर में अपनी बाइक खड़ी कर सैदपुर पुल से गंगा नदी में छलांग लगा लिया।वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दिया । जो मौके पर सैदपुर कोतवाली की पुलिस प्राइवेट गोताखोर के माध्यम से युवक के तलाश में जुटी है । युवक के गंगा में कूदने की खबर से परिजनों से हाहाकार मच गया। पलिया गांव के रहने कन्हैया यादव पुत्र स्व0 रामगति यादव बम्बई ,नासिक सहित कई शहरों में मजदूरो को काम दिलाने का कार्य करता था । शनिवार की दोपहर में अपने स्कूटी से तीरगांवा सैदपुर पुल पर पहुचा। वहाँ अपनी स्कूटी खड़ा कर इधर उधर देखा । फिर गंगा में छलांग लगा लिया । आने जाने वाले राहगीर यह देख चिल्लाने लगे । किसी ने पुलिस को सूचना दिया । जो मौके पर सैदपुर जनपद गाजीपुर की पुलिस पहुचकर गोताखोरों के माध्यम युवक को खोजने में लग गये । परिजनों के अनुसार इधर कई दिनों से कन्हैया घर पर ही था जो काफी डिस्टर्ब था ।

# रोटरी इंटरैक्ट क्लब का स्थापना दिवस, रोटरी क्लब के द्वारा इंटरैक्ट क्लब का सदस्यता व शपथ ग्रहण का कार्यक्रम किया गया





**पीडीडीयू नगर में।** आज सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस पड़ाव शाखा में आज सदभावना, सौहार्द, शांति एवं सेवार्थ भाव से बच्चों जहाँ रोटरी इंटरैक्ट क्लब की कॉमर्स सदस्यता का शपथ ग्रहण किया, वहीं विद्यालय के कॉमर्स क्लब गठन के अवसर पर बच्चों ने कॉमर्स क्लब के पद पर भी शपथ ग्रहण किया किसी बड़े पैमाने पर सफलता के लिए जिम्मेदारी लेना जरुरी है

अंतिम समीक्षा में एक गुण जो सभी सफल मनुष्यों में होता है वो है जिम्मेदारी लेने की क्षमता और इसी क्षमता के विकास हेतु आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला नियंत्रक प्रत्याशी 2025-2026 डॉ0 आशुतोष अग्रवाल, इंटरेक्ट कमेटी के चेयरमैन अजीत मेहरोत्रा, रोट्री इंटरैक्ट सलाहकार सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स पड़ाव डॉ0 मनीष चौधरी, रोट्री इंटरैक्ट क्लब वाराणसी सचिव शशि कुमार साह एवं विद्यालय के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी वृंद द्वारा माँ शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया इंटरैक्ट क्लब में 20 पदों के लिए लगभग 50 बच्चों ने शपथ ग्रहण किया 7 जिनके पद एवं नाम की सूची

इस प्रकार हैं अनुष्का प्रेसिडेंट , प्रज्ञा रुंगटा वाइस प्रेसिडेंट , प्रत्युश गोयल सेक्रेटरी, सुधी त्रिपाठी ज्वाइंट सेक्रेटरी, यश्वी सिंह ट्रेजरार, नंदनी मिश्रा, ऐश्वर्या, तृप्ती यादव, अंश पाण्डेय आदि ने डायरेक्टर के पद पर शपथ ग्रहण किए विद्यालय के कॉमर्स क्लब हेतु जहाँ हर्षिता होतवानी ने प्रेसिडेंट, अर्पित राय कार्यक्रम प्रभारी, सचिव यशश्वी साहू उपाध्यक्ष, प्रत्युष गोयल ट्रेजरार, पावनी गुप्ता जन संपर्क अधिकारी, प्रज्ञा रुंगटा ने कॉमर्स क्लब की सदस्यता हेतु शपथ ग्रहण किया उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक महोदय ने बच्चों को अपने आशीर्वचनों से अभिसिंचित करते हुए कहा कि जो अपने कदमों की काबिलियत पर विश्वास रखते हैं वो ही मंजिल पर अपनी अलग पहचान लिखते हैं इस क्रम में मुख्य अतिथि वृंद ने भी बच्चों को अपने प्रेरक विचारो से प्रेरित किया विविध मुख्य पदों पर नव निर्वाचित सदस्य (बच्चों) ने भी अपने कार्यो की जिमेदारी पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने का वादा करते हुए अपने ड्ढ अपने विचार साझा किया उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि जिला नियंत्रक प्रत्याशी 2025-2026 डॉ0 आशुतोष अग्रवाल इंटरेक्ट कमेटी के चेयरमैन अजीत मेहरोत्रा, रोट्री इंटरैक्ट सलाहकार सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स पड़ाव डॉ0 मनीष चौधरी रोट्री इंटरैक्ट क्लब वाराणसी सचिव शशि कुमार साह एवं विद्यालय के चेयरमैंन श्री दीपक बजाज जी, प्रबंध निदेशक श्री मनोज बजाज जी कार्यकारी निदेशक श्री श्याम सुंदर बजाज जी, निदेशिका मंजू बुधिया जी, प्रधानाचार्य श्री आशीष सक्सेना जी, उपप्रधानाचार्य प्रियंका मुखर्जी जी, समस्त शिक्षक वृंद व बच्चों की गरिमापूर्ण उपस्थिती थी

## नागवत एसपी ने समाधान दिवस पर दिए आवश्यक दिशा निर्देश





**शुभ भास्कर सकलडीहा चंदौली** सकलडीहा थाना दिवस पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के पश्चात विवाद निस्तारण ना होने की स्थिति मैं दूसरे दिवस पर प्रतिलिपि अधिकारी को सामने करना होगा पेश सकलडीहा कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर जिले नगावत पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार द्वारा कहीं गई अपने निर्देश में एसपी ने कहा कि थाना दिवसीय तहसील दिवस पर ज्यादातर मामले भूमि से जुड़े प्राप्त होते हैं पारदर्शिता के साथ मामले के निस्तारण नहीं करने के कारण फरियादी दर दर की ठोकरें खाते रहते हैं ऐसे मामलों में पुलिस कर्मियों और राजस्व कर्मियों को टीम बनाकर एक साथ विवादित स्थल पर निस्तारण करने की आवश्यकता है वही पारदर्शिता के मछेनजर विवेचक द्वारा घटनास्थल पर उपस्थित होने के साथ फोटो के साथ अगर संभव हो तो आसपास के लोगों से गवाही के क्रम में सीने के और मोबाइल नंबर दर्ज करा ले जिससे अगर फरियादी द्वारा दिवेचा की याद आज्ञा से टीम के ऊपर आरोप लगाया जाता है कि हमारे घटनास्थल पर किसी अधिकारी द्वारा निरीक्षण नहीं किया गया तो उक्त संबंध में यह फोटो और गवाहों की उपस्थिति अधिकारियों के ऊपर लगाए गए आरोपी को खंडित करने के कार्य में आएगा इसी क्रम में एसपी द्वारा राज्य से टीम में 4 प्रतियां वितरित किया गया चारों प्रतियों में आवेदक के साथ विवेचक के नाम दर्ज करना होगा वही प्रति काफी राजा सेटिंग पुलिस विभाग आवेदक के साथ कोतवाली में रखना अनिवार्य होगा जिन वादों का निस्तारण दिवस पर ना हो सका हो उन अधिकारियों को दूसरे दिवस पर बुलाकर मामले का निस्तारण करना होगा इसी के साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा अनेकों प्रकार के दिशा निर्देश दिया गया इस मौके पर एसडीएम मनोज पाठक तहसीलदार विकास धर क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार राय विमलेश कुमार शिव मणि त्रिपाठी महफूज आलम सुरेश कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी केके सिंह विकास गुप्ता पूजा वर्मा के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे

## सैयदराजा किड्स पब्लिक स्कूल में बच्चों ने लगाया विज्ञान प्रदर्शनी



**चंदौली**-सैयदराजा नगर पंचायत स्थित जीटी रोड सैयदराजा किड्स पब्लिक स्कूल में शनिवार को अमर शहीदों की याद में मेरा माटी मेरा देश अभियान के द्वारा अमृत महोत्सव के तहत बच्चों में सृजनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से बच्चों द्वारा विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने प्रतिभाग किया मुख्य अतिथि के रूप मे आये सैयदराजा कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने विद्यालय परिसर में मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए विज्ञान प्रदर्शनी के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया साथ ही बच्चों को पुरस्कृत किया जिसमे कक्षा 6से लेकर 8 तक बच्चे पुरस्कार पाकर प्रफुल्लित हुए ,इस दौरान विद्यालय प्रबंधक सुशील शर्मा ने बताया कि हमारे विद्यालय में बच्चों द्वारा अमर शहीदों की याद में मेरा माटी मेरा देश के अभियान द्वारा अमृत महोत्सव के तहत बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसने बच्चों पर्यावरण सहित पौधारोपण के प्लांट जल ही जीवन के तहत पानी बचाने का तरीका हाइड्रोफोनिक्स वाटर टैंक के साथ वृक्षों को नुकसान न पहुंचाते हुए पानी को एकत्रित करना आदि का प्रदर्शनी लगाया गया इसी तरह बच्चों में हौसला अफजाई के साथ तारीफ करते कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए इस देश के विषय विज्ञान की जानकारी में बताना बहुत जरूरी है क्योंकि बच्चों को पर्यावरण सहित जल संचय वैज्ञानिक दृष्टिकोण कई सदियों से चली आ रही है जिसका उल्लेख आज बच्चों द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया इस दौरान विद्यालय परिसर में मंगला सिंह क्षमानंद मिश्र,अर्चना सोनी ,विशाल शर्मा ,आकाश शर्मा ,किरण आदि विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे?

## सड़क किनारे उखड़े पेड़ से दुर्घटना होने की आशंका, जिलाधिकारी से सड़क के किनारे उखड़े पेड़ों को तत्काल हटाए जाने की मांग



**शुभ भास्कर धीना चंदौली** क्षेत्र के कमालपुर बाया धीना अमडा व जनौली तिराहा से बरहन वाया एवती पक्की सड़क के किनारे उकठे पेड़ जो काफी दिनों से खड़े हैं कभी भी किसी समय सड़क पर गिरकर पैदल दो पहिया चार पहिया साइकिल सवार के ऊपर गिर जाने से पबल दुर्घटना की अशका बनी हुई है सड़क पर आवागमन करने वालों की असायनिक जान भी जा सकती है यह यह पेड़ों की जड़ों में बरसात से पानी भर गया है जेड सड़ चुकी है पेड़ सड़क के तरफ ही झुके हुए हैं कब सड़क पर किसी क्षण गिर जाए कुछ कहा नहीं जा सकता यह जरूरी नहीं है कि पब्लिक छतरी जनता ही इसके शिकार होंगे जिले के अधिकारी निधि भी इसकी आगोश में आ सकते हैं यह समस्या धीना थाना क्षेत्र मैं ही नहीं पूरे जनपद में सड़कों के किनारे पेड़ जानलेवा साबित हो रहे हैं ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए तत्काल सड़क के किनारे खड़े पेड़ों को वन विभाग को निर्देशित कर तत्काल हटाए जाने की मांग की है जिससे भविष्य में होने वाली किसी भी अनहोनी से बचा जाए और जानमाल की रक्षा हो सके

## सेंट जार्ज कान्वेंट के दो छात्रों को गोल्ड मेडल तो एक को मिला सिल्वर मेडल





**चन्दौली।** शहाबगंज सेंट जार्ज कान्वेंट स्कूल के छात्र गुलाम साबिर व प्रेम सिंह चौहान ने थाई बाक्सिंग में गोल्ड मेडल तो अमन यादव ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर क्षेत्र सहित स्कूल का नाम रौशन किया

विदित हो कि बनारस के शिवपुर में 05 अगस्त से 07 अगस्त तक थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई थी जिसमें बड़ी संख्या में अन्य जनपदो के छात्रों ने प्रतिभाग लिया था जिसमें शहाबगंज स्थित सेंट जार्ज स्कूल के छात्रों ने भी अपने कोच नीरज गुप्ता के साथ भार वर्ग में प्रतिभाग किया था।जिसमे गुलाम साबिर ने 59 केजी भार वर्ग तथा प्रेम सिंह चौहान ने 38 केजी भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। तो वही अमन यादव ने 28 केजी भार वर्ग में सिल्वर अपने नाम कर क्षेत्र सहित स्कूल का नाम रौशन किया।

शनिवार की सुबह स्कूल पहुंचने पर स्कूल के प्रिंसिपल पंकज यादव ने छात्रों व कोच नीरज गुप्ता को माला पहनाकर स्वागत किया।इस मौके पर मनीष मिश्र, मनीषा यादव, सुनील श्रीवास्तव, अनिल शर्मा ,आलोक, मनोज, वीर प्रताप, अभिनंदन, रोहित,अजिता, उपमा, रेनू, अर्शी ,अजय,अंजिता वैष्णवी,वंदना सहित स्कूल के सभी छात्र छात्राएं मौजूद रहे

## खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन से रास्ते का अस्तित्व खतरे में





**चहनियां।चंदौली** बलुआ थाना क्षेत्र के रमौली गांव में खनन माफियाओं के द्वारा खोदी गयी अवैध खनन से रास्ते का अस्तित्व खतरे में आ गया है । ग्राम सभा से बनाया गया छौरा भी क्षतिग्रस्त हो रहा है । जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त है । गांव के राधेश्याम मौर्या ने उपजिलाधिकारी से लिखित शिकायत की है । उपजिलाधिकारी मनोज पाठक को तहरीर देते हुए राधेश्याम मौर्या ने आरोप लगाया कि खनन माफिया मानक से ज्यादा मिट्टी की खुदाई कर रहे है । बताया कि गांव में चार ईट का भट्टा है । जो कि आबादी से सटा हुआ है और खनन माफियाओं द्वारा ग्राम सभा की जमीनों पर अवैध ढंग से मिट्टी की खुदाई हो रही है । जो सरकारी रास्ता,नाली ,खड़ंजा को ध्वस्त कर रहे है । सरकारी धनो को बर्बाद कर रहे है । रास्ता के बगल में ज्यादा गढ्ढा खोदने से आने जाने वालो को भी खतरा बना रहता है । सबसे ज्यादा खतरा स्कूली बच्चों का आना जाना बंद हो गया है । खनन से गढ्ढे में पानी भर गया है जिससे अभिभावक डर से बच्चो को बिद्यालय में नही भेज रहे है । कभी भी बड़ी घटना घट सकती है । उपजिलाधिकारी मनोज पाठक ने जांच कर कार्यवाही का आश्वाशन दिया है ।

पदयात्रा

मोदी राज्य में चुनाव तो होंगे पर लोगों के अधिकार नहीं होंगे संतोष कुमार पाठक एडवोकेट

## दिल्ली सेवा बिल के विरोध आम आदमी पार्टी ने मुगलसराय में निकाली पदयात्रा






**मानवेंद्र जायसवाल ब्यूरो/ शुभ भास्कर चंदौली** दिल्ली के तीन करोड़ लोगों के अधिकारों को कुचलने के लिए संसद में दिल्ली सेवा बिल को मोदी सरकार द्वारा पास कराया जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी चंदौली में आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के सुभाष पार्क से एक पदयात्रा निकाली तथा मोदी सरकार की हिटलर शाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी

आदि नारे लगाए इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता आम आदमी पार्टी चंदौली के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि मोदी सरकार लोकतंत्र की हत्यारी सरकार है मोदी सरकार लोगों के अधिकारियों को कुचल देना चाहती है दिल्ली के लोगों से अरविंद केजरीवाल जी की सरकार इसलिए चुना था कि चुनी हुई

सरकार के पास निर्णय लेने की क्षमता होगी और सरकार अच्छा काम करेगी अरविंद केजरीवाल जी ने बिगाड़ 8 सालों में दिल्ली के लोगों के लिए बेहतरीन काम किया गरीबों के लोगों के लिए बेहतरीन वर्ल्ड क्लास स्कूल बनवा मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था की दिल्ली के लोगों के लिए बेहतरीन अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बनवाई तथा मुक्त चिकित्सा की व्यवस्था की अरविंद केजरीवाल जी ने दिल्ली के लोगों के लिए मुक्त पानी दिया

बुजुर्ग माता-पिता के लिए फ्री तीर्थ यात्रा की व्यवस्था की महिलाओं के लिए मुक्त बस यात्रा सहित ढेर सारे काम कियाअरविंद केजरीवाल के यह सारे जनहित ऐसी कम नरेंद्र मोदी जी को फूटी आंख नई सुहाये इसलिए उन्होंने दिल्ली सरकार के अधिकार को समाप्त करने के लिए दिल्ली सेवा बिल को पास कराया है

यह बिल राष्ट्रपति के दस्तक होते ही दिल्ली के लोगों के अधिकारों को कुचल कर रखने वाला अधिनियम बन जाएगा संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि 1935 में अंग्रेजों ने ऐसा ही एक अधिनियम बनाया था जिसमें लोगों को सरकार चुनने का तो अधिकार होता था लेकिन उसे सरकार के पास काम करने का अधिकार नहीं होता था वही अंग्रेजों वाला हिटलर शाही जैसा कानून नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने दिल्ली के लोगों के बना दिया है